वर्ष : 18 अंक: 66 ग्वालियर • गुरूवार 10 अप्रैल 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### 13वीं बार जेल से बाहर आया राम रहीम, रिसीव करने पहुंची हनीप्रीत

**रोहतक ,एजेंसी।** हरियाणा सरकार ने एक बार फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पर मेहरबानी दिखाते हुए उसे 21 दिनों की फरलो प्रदान की है। बलात्कार और हत्या के मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम को आज सुबह रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, राम रहीम आज सुबह करीब 6 बजकर 40 मिनट पर जेल से बाहर आया। उसे लेने के लिए हनीप्रीत खुद पहुंची थी। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम को सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय ले जाया गया है, जहां वह अपनी फरलो की अवधि बिताएगा।

### अब्दुल्ला आजम पर कोर्ट का बड़ा फैसला, स्टांप चोरी मामले में 3.71 करोड़ का जुर्माना

**रामपुर ,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्टांप चोरी के मामले में डीएम कोर्ट ने उन पर 3 करोड़ 71 लाख 878 रुपये का जुर्माना लगाया है। जानकारी के मुताबिक, अब्दुल्ला आजम ने 2022 में सदर तहसील क्षेत्र के घाटमपुर और मड़ैया नादर बाग में जमीन खरीदी थी। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग तारीखों पर बैनामा कराया था। आरोप है कि बैनामा कराते समय अब्दुल्ला ने आवासीय जमीन को कृषि भूमि के रूप में दिखाकर 1 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक की स्टांप ड्यूटी की चोरी की।

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की नातिन की हत्या, पति ने सीने में मारी गोली

**गया ,एजेंसी।** बिहार में गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि टेंटुआ गांव के समीप एक पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल भी बरामद किया है। मृतक महिला केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की दूर की नातिन बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था और आज आरोपी पति रमेश कुमार पटना से घर लौटा था। आरोपी पति ट्रक चालक है। घर लौटते ही अपनी पत्नी को घर में बंद कर दिया और गोली मार दिया, जिसे घटना स्थल पर ही पत्नी सुषमा देवी की मौत हो गई। मृतक महिला विकास मित्र में काम करती थी। जानकारी के अनुसार, पति को अपनी पत्नी पर किसी और के साथ प्रेम प्रसंग चलने का शक था, इसी को लेकर वह गुस्से में था।

# पीएम मोदी ने किया 'नवकार महामंत्र' का जाप

## 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि बने साक्षी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्वेत वस्त्र में पीएम मोदी नवकार महामंत्र का जाप करते दिखे। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बने। दरअसल, नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है। अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। यह दिवस सभी व्यक्तियों को आत्म-शुद्धि, सहिष्णुता और सामूहिक कल्याण के मूल्यों पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे पहले पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर लोगों से नवकार महामंत्र का जाप करने की अपील की थी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आइए, सब मिलकर प्रातः 8-27 बजे नवकार महामंत्र का जाप करें। णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं। प्रत्येक आवाज शांति, शक्ति और सद्भाव लाए। हम सब भाईचारे और एकजुटता की भावना को बढ़ाने के लिए एक साथ आएं। इसके अलावा, केंद्रीय पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा था, णमो अरिहंताणंज नवकार महामंत्र जैन धर्म के सबसे पावन मंत्रों में से एक है जो आध्यात्मिकता, विनम्रता, भाईचारे और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित है। यह मंत्र मन की शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है। महावीर जयंती से एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में नवकार महामंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र के जाप के साक्षी बनेंगे। आइए, हम सभी इस पावन अवसर पर नवकार मंत्र का जाप करते हुए पूरे विश्व में शांति, एकता और आध्यात्मिक जागरण का संदेश फैलाएं।

## ट्रंप का एक और बड़ा धमाका : दवाओं के आयात पर भी लगेगा टैरिफ





**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिन्हें अक्सर 'टैरिफ किंग' कहा जाता है, ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 2 अप्रैल को दुनिया भर के 180 से अधिक देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने के बाद, ट्रंप ने अब घोषणा की है कि जल्द ही दवाओं के आयात पर भी शुल्क लगाया जाएगा। मंगलवार को नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट किया कि दवाओं पर लगने वाले इस नए टैरिफ का उद्देश्य दवा कंपनियों को अमेरिका में ही अपना उत्पादन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी बीच, मंगलवार की आधी रात से विभिन्न देशों से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से घोषित टैरिफ की नई दरें प्रभावी हो गई हैं। ट्रंप प्रशासन ने चीन के खिलाफ अपने रुख को और सख्त करते हुए चीनी सामानों पर टैरिफ को 54% से बढ़ाकर 104% कर दिया है। चीन ने भी इस कदम का जवाब देते हुए अमेरिकी सामानों पर 34त्न टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिससे राष्ट्रपति ट्रंप नाराज हो गए। मंगलवार को ट्रंप ने चीन पर यह आरोप भी लगाया कि वह अमेरिकी टैरिफ के असर को कम करने के लिए अपनी मुद्रा के मूल्य में हेरफेर कर रहा है। उन्होंने कहा, आपको उन्हें जवाब देना होगा। वे टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए अपनी मुद्रा में हेरफेर कर रहे हैं।

### इजराइल से जुड़े होने की अफवाह पर हिंसक प्रदर्शनः

## बांग्लादेश में केएफसी, बाटा, प्यूमा पर हमला, दुकानों में तोड़फोड़-लूटपाट

**ढाका,एजेंसी।** बांग्लादेश में इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारी बाटा, ञ्चस्नष्ट, पिज्जा हट और प्यूमा जैसे ब्रांड के शोरूम में घुस गए और वहां रखे सामानों को नुकसान पहुंचाया। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों लोग फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सिलहट, चटगांव, खुलना, बरिशाल, कमिला और ढाका में सड़कों पर उतरे थे। माना जा रहा है कि ये हिंसा उन फेक न्यूज के चलते फैली, जिनमें ये दावा किया गया था कि ये कंपनियां इजराइल से जुड़ी हैं। घटना ऐसे समय हुई, जब बांग्लादेशी सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अपने पहले ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की मेजबानी की तैयारी कर रही है। बता दें कि इजराइल ने 18 मार्च को गाजा पर हमला करके 19 जनवरी को हुआ सीजफायर तोड़ दिया था, जिसके बाद से अब तक इजराइली हमले में 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि 3000 से ज्यादा घायल हैं।

### गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशनःराहुल बोलेः

## वक्फ बिल संविधान पर हमला, इसके बाद आरएसएस क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। ऋस्स्र के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।

इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंचीं।

### चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं

मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा।

खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी देंगे सड़कों और फ्लाई ओवर की बड़ी सौगातें

### गुरूवार को लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम इंदौर संभाग के बदनावर के खेड़ा में होगा



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी 10 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिये धार जिले के खेड़ा (बदनावर) में समारोहपूर्वक सड़कों और फ्लाई ओवर की सौगातें देंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क का लोकार्पण करेंगे। साथ ही उज्जैन-गरोठ के खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क का भी लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क, चंदेरी-पिछोर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क, इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास, शाजापुर, कनासिया एवं एमआईडीसी इंडस्ट्रीयल एरिया में 3 फ्लाई ओवर, अंडरपास तथा रसलपुर जंक्शन पर फ्लाई ओवर के कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। बहुप्रतीक्षित उज्जैन-बदनावर फोर-लेन हाई-वे, जिसकी लंबाई 69.100 किलोमीटर है, अब पूरी तरह से तैयार हो चुका है। यह परियोजना मई 2022 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को सौंपी गई थी। यह हाई-वे आधुनिक इंजीनियरिंग और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे का एक शानदार उदाहरण है। इस परियोजना में दो रेलवे ओवरब्रिज, 4 बड़े पुल, 7 छोटे पुल, एक इंटरचेंज, 2 फ्लाईओवर, 31 अंडरपास, 140 कलवर्ट, 42 बस शेल्टर/बस-वे और 4 वे-साइड सुविधाएं शामिल हैं। स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए 23 किलोमीटर सर्विस रोड भी

## बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून, दीदी करेंगी आपकी संपत्ति की रक्षा : ममता बनर्जी



**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। जैन समुदाय द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और राज्य में एकता बनाए रखने की वकालत की।

ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम बंगाल में वक्फ बिल लागू नहीं होने देंगे। मेरी सरकार धार्मिक आधार पर बंगाल का विभाजन नहीं होने देगी। मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं, मगर भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा। बंगाल में फूट डालो और राज करो की नीति नहीं चलेगी। आपको जियो और जीने दो का संदेश देना चाहिए। बंगाल में रहने वालों को सुरक्षा देना हमारा काम है। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अगर कोई आपको राजनीतिक रूप से इकट्ठा होने के लिए उकसाता है, तो कृपया ऐसा न करें। कृपया याद रखें कि दीदी आपकी और आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। अगर हम साथ रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं।

## फतेहपुर की घटना को लेकर सरकार सख्त कानूनी कार्रवाई करे : मायावती

**लखनऊ ,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने फतेहपुर में हुई घटना को लेकर कहा कि सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करके वहां पीड़ित परिवार को समय पर न्याय दे। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यूपी में आए दिन हर छोटी-छोटी बात पर लोगों का शोषण व उत्पीड़न आदि हो रहा है, जिसके तहत अभी हाल ही में जिला फतेहपुर के एक ही किसान परिवार के 3 क्षत्रिय/ठाकुरों की व एक दलित व्यक्ति की भी हत्या कर दी गई है, जिससे लोगों में वहां काफी दहशत व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करके वहां पीड़ित परिवार को समय से न्याय दे तथा कानून-व्यवस्था को भी सुधारने पर विशेष ध्यान दे। बता दें कि फतेहपुर में चुनावी रंजिश में प्रधान के दो पुत्रों और एक पौत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन पर खेत में जाते समय घात लगाकर हमलावरों ने गोलियां बरसा दीं। इस घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत ने बांग्लादेश को दिया बड़ा झटकाः बंद की ट्रांसशिपमेंट की सुविधा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर सुविधा (ट्रांस-शिपमेंट) वापस ले ली है। इससे बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से 8 अप्रैल को जारी सर्कुलर में इस फैसले की जानकारी दी गई। साल 2020 से जारी इस व्यवस्था के तहत बांग्लादेश से आने वाले सामान को भारत के रास्ते दूसरे देशों में भेजने की अनुमति दी गई थी। यह सामान जमीन के रास्ते भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंचता था। इसका मकसद यह था कि बांग्लादेश आसानी से भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को सामान भेज सके। अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है।

## प्रदेश में पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले, विवादों में रहे अभिषेक सिंह फिर बनाए गए एसडीएम



**लखनऊ,एजेंसी।** शासन ने बुधवार रात को पांच पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए। कानपुर नगर के अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) राजेश कुमार-पंचम का इसी पद पर चंदौली ट्रांसफर किया गया है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अपर जिलाधिकारी संजीव ओझा को आजमगढ़ का मुख्य राजस्व अधिकारी बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महाराजगंज विधेश को उन्नाव के अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति) की जिम्मेदारी दी गई है। प्रयागराज के उपजिलाधिकारी सुदामा वर्मा को मेरठ का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बनाया गया है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) कानपुर नगर के पद पर भेजा गया है।

**अभिषेक फिर बनाए गए सोहावल के एसडीएम**

अयोध्या जिले की सोहावल तहसील में अभिषेक सिंह की एसडीएम पद पर फिर से वापसी हो गई है। कुछ दिन पहले सेना के शहीद के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद अभिषेक विवाद में फंस गए थे। अभिषेक सिंह पर शहीद के पुत्र शिवम यादव का सिर मुंडवाने का आरोप लगाया गया था। इसी कड़ी में अभी तक एसडीएम बीकापुर की जिम्मेदारी निभा रहे प्रशिक्षु आईएएस ध्रुव खाडिया को सदर तहसील का एसडीएम बनाया गया है। एसडीएम सदर रहे विकास धर दुबे अब एसडीएम बीकापुर होंगे। पहले मिल्कीपुर और बाद में सोहावल के एसडीएम बनाए गए राजीव रत्न सिंह को एसडीएम रुदौली बनाया गया है। डीएम चंद्र विजय सिंह ने बुधवार को यह आदेश जारी किया।

# समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के शीघ्र भुगतान हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित

## स्लाट बुकिंग की अंतिम तिथी 26 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई

**श्योपुर ब्यूरो।** अपर मुख्य सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई केवायसी करने एवं समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के शीघ्र भुगतान हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान ई-केवायसी एवं गेहूँ उपार्जन कार्य के संबंध में समीक्षा की गई। जिले के सभी पात्र हितग्राहियो की ई-केवायसी 30 अप्रैल 2025 तक अनिवार्यतः शत-प्रतिशत की जाना है, जिस हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर के माध्यम से सघन मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नियुक्त किये जाने के निर्देश दिये गये। वीसी में कहा गया कि इस वर्ष शासन स्तर से कृषको के हित को ध्यान में रखते हुए भुगतान की प्रक्रिया को सरल किया गया है

जिससे कृषको को उपार्जित किये गये गेहूँ का भुगतान 07 दिवस में ही किया जा रहा है। अतः कृषको से अनुरोध है कि जिन भी कृषको द्वारा पंजीयन किया गया है एवं स्लॉट बुकिंग की गई है वे अपनी उपज नजदीकी उपार्जन केन्द्र पर विक्रय करे। स्लाट बुकिंग की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर हितग्राहियो की ई-केवायसी, समग्र ई केवायसी के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि ई केवायसी अभियान से राशन वितरण प्रभावित ना हो और उपार्जन के तहत समय से स्वीकृति पत्रक जारी किए जाए। इस दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा, एआरसीएस श्री ध्रुव कुमार झारिया, सीसीबी नोडल श्री दिनेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# कंपनियों में कार्यरत प्लेटफार्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग, प्लेटफॉर्म वर्कर्स श्रमिकों सहित सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदाय करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा भी गिग, प्लेटफॉर्म वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा लक्षित करते हुए इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना से जोडा गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने नियोजित गिग, प्लेटफॉर्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल व संबल पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश श्रम विभाग को दिये गये है। उन्होने निर्देश दिये कि विशेष अभियान 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक जिले में प्लेटफार्म वर्कर्स जो किसी कंपनी के अधीन कार्यरत है, उनके ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराये जायें। इसके लिए जिले में संचालित कंपनियों जोमेटो जैसे अन्य प्लेटफार्म से संपर्क करें तथा कार्यरत श्रमिको का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट 2025-26 में गिग, प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कवर करने के लिये आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गई है, इसके अलावा उन्हें ई-श्रम पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाऐगें। ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफॉर्म श्रमिकों के पंजीकरण के दृष्टिगत जिला स्तर पर ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर गिग, प्लेटफॉर्म वर्कर्स (स्विगी, उबर, ओला, जोमैटो, ब्लिंक कॉमर्स, ई कॉम एक्सप्रेस आदि) को पंजीकृत करने के लिए 7 अप्रैल से 17 अप्रैल तक विशेष अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण से सामाजिक सुरक्षा लाभों तक उनकी पहुंच आसान होगी, साथ ही उनके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का क्रियान्वयन भी तेजी से किया जा सकेगा। श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर जाकर स्वयं निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते है अथवा उन्हें नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर/श्रम विभाग/नगर पालिका परिषद के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते है।

# मिशन परिवार विकास पखवाडा पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

## दूसरा बच्चा तीन साल के अंतराल के बाद जिससे मॉ व बच्चा दोनो रहेगें स्वस्थ्य

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मिशन परिवार पखवाडा 11 अप्रैल से 25 अप्रैल 2025 तक मनाया जायेगा। इसके तहत बच्चों के जन्म में तीन साल का अंतराल रखने तथा पुरूष एवं महिलाओं को नसबंदी ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया जायेगा। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल पर मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस.सिकरवार ने बताया कि परिवार नियोजन अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदत्त कराई जा रही सुविधाओं और सेवाओं के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का कार्य पखवाडा अंतर्गत किया जायेगा। उन्होने बताया कि पखवाडे के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर मैदानी अमले के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कराहल में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. जे.एस.राजपूत ने बताया कि मिशन परिवार विकास पखवाडा अंतर्गत जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के संबंध में जागरूकता लाना है। परिवार नियोजन के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आशा कार्यकर्ताओं को न्यू पहल किट दी गई है जो नव दम्पत्ति को दिया जाना है जिसमें परिवार नियोजन के साधन जैसे कंडोम, ओरल पिल्स गोली, छाया गोली, अंतरा, आईयूसीडी साधन दिए जाते है जिनके उपयोग के बारे में बताना है कि शादी के दो साल बाद पहला बच्चा हो एवं दूसरा बच्चा तीन साल के अंतराल में हो जिससे मॉ व बच्चा दोनो सुरिक्षत रहते है। प्रसव समय में अंतराल रखने से महिलाए स्वस्थ्य रहती है तथा पहले बच्चे की देखभाल भी सही ढंग से होती है। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. सुरेश सोनी, डीसीएम श्री अमित श्रीवास, बीपीएम श्रीमती वैशाली गोयल, बीसीएम श्री नीवन यादव, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी श्री आरबी शाक्य उपस्थित थे।

# ओछा एवं गढी में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जारी जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में आज मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखण्ड विजयपुर के ग्राम ओछा एवं गढी में कार्यक्रम आयोजित किये गये। विजयपुर विकासखण्ड की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शाहीन परबीन के नेतृत्व में नंवाकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति द्वारा तालाब पर श्रमदान आयोजित करते हुए गहरीकरण का कार्य किया गया। इसी प्रकार ग्राम गढी में हैंडपम्प के आसपास साफ-सफाई करते हुए जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# पुस्तक मेलो का तीन दिवसीय आयोजन 12 अप्रैल से

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में तीन दिवसीय पुस्तक मेलो का आयोजन 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जायेगा। यह पुस्तक मेले श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय कन्या उमावि विद्यालय श्योपुर, कराहल विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय कराहल तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में आयोजित होगे। संबंधित क्षेत्र के बीईओ को मेलो के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है, इन मेलो के माध्यम से अभिभावक अपने बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तके अथवा अन्य अध्ययन तथा स्कूल सामग्री का क्रय स्वैच्छा से कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग ने बताया कि निजी विद्यालयो के संचालकों की बैठक आयोजित की गई है तथा सभी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने विद्यालयो में पढ रहे विद्यार्थियों के अभिभावको को उक्त पुस्तक मेलो के माध्यम से कोर्स खरीदने के लिए प्रेरित करते हुए सूचित करें। इसके साथ ही उन्होने पुस्तक विक्रेताओं से कहा है कि पुस्तक मेले के दौरान अधिक से अधिक डिस्कांउट प्रदान किया जायें।

# स्पोन्सरशिप योजना में लाभ देने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दो बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ देने के निर्देश महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय को दिये गये। सामाजिक कार्यकर्ता किन्नर कोमल गुरू द्वारा बच्चों को साथ लेकर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा से भेंट करते हुए अवगत कराया कि फक्कड चौराहा निवासी महिला श्रीमती लक्ष्मी जागा के पति स्व. श्री बंटू जागा की मृत्यु हो गई है। वर्तमान में दोनो बच्चें कृष्णा और विक्रम की पढाई का व्यय उनके द्वारा उठाया जा रहा है, बच्चों की मॉ श्रीमती लक्ष्मी जागा मेहनत मजदूरी करके बच्चों का लालन पालन कर रही है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय को स्पोन्सरशिप योजना में बच्चों को जोडने के निर्देश दिये।

# उपचार के लिये 10 हजार की सहायता

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम रामगावडी निवासी शिमला बैरवा पुत्री श्री चतरूलाल बैरवा को उपचार के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। शिमला के पिता श्री चतरूलाल बैरवा ने बताया कि उसकी पुत्री मिर्गी रोग से पीडित है, और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय अटार का पुरा में बीआरसी के निरीक्षण में मिलीं गंभीर अनियमितताएं

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़ ।** दिनांक 8 अप्रैल को दोपहर 2ः15 बजे बीआरसी मानिकचंद धाकड़ ने शिक्षा की गुणवत्ता जानने आकस्मिक निरीक्षण किया जिस पर शासकीय मा. विद्यालय अटार का पुरा के निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई है विद्यालय में पदस्थ आठ शिक्षकों में से तीन शिक्षक उपस्थित मिले नरेश चंद्र शर्मा प्रधानाध्यापक बिना सूचना के अनुपस्थित मिले एवं जितेंद्र कुमार छावरिया माध्यमिक शिक्षक पवन कुमार शर्मा माध्यमिक शिक्षक उदयभान सिंह बघेल बिना स्वीकृति के आवेदन के आधार पर अनुपस्थित पाए गए तथा नरेश कुमार शर्मा माध्यमिक शिक्षक का मूवमेंट पंजी में स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देकर अनुपस्थित थे श्रीमती सीमा माहौर माध्यमिक शिक्षक विद्यालय में वरिष्ठ होने से एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेश अनुसार दिनांक 31 मार्च 2025 तक विद्यालय में प्रभारी प्रधान अध्यापक के रूप में कार्यरत थी लेकिन वरिष्ठ कार्यालय को सूचित किए बिना एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेश की अवेहलना कर अपनी मर्जी से विद्यालय में जूनियर शिक्षक श्री नरेश चंद्र शर्मा माध्यमिक शिक्षक को दिनांक एक अप्रैल 2025 को विद्यालय का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया वर्तमान में प्रधान अध्यापक की लापरवाही के कारण विद्यालय में दर्ज 303 छात्रों में से कोई भी छात्र उपस्थित नहीं था इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक विद्यालय विजय बहादुर का पूरा में निरीक्षण के दौरान तीन शिक्षकों में से दो शिक्षक उपस्थित थे तथा जीवन जाटव प्राथमिक शिक्षक बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित पाए गए प्रधान अध्यापक श्रीमती पुष्पा द्वारा गंभीर अनियमितता की गई जिसमें दो- दो स्टाफ पंजी बना रखी है एवं आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा है इस दौरान बीएसी रामरज रावत भी ओचक निरीक्षण में साथ थे।

# हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल, सुगम भविष्य के लिए आज चिंतन

## करने की आवश्यकता है - प्रभारी मंत्री श्री पटेल, प्रभारी मंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित हुई

**भिण्ड ब्यूरो।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार भिण्ड में आयोजित की गई। इस दौरान विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, विधायक गोहद श्री केशव देसाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, एडीएम श्री एल.के. पाण्डेय, एएसपी श्री संजीव पाठक सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर कहा कि यह अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महत्वाकांक्षी अभियान है ताकि पानी का भण्डारण कर आम जन मानस को पर्याप्त पेयजल की सुविधा प्रदान की जा सके। उक्त अभियान को जन प्रतिनिधियों सहित जन भागीदारी के सहयोग से वृहद रूप से संचालित करें। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोत लगातार सूख रहे हैं, हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल सुगम भविष्य के लिए आज चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा वृक्षारोपण के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश देते हुए कहा कि पौधे लगाना ही नहीं बल्कि पौधे को वृक्ष बनाना भी जरूरी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से आने वाले बेहतर भविष्य के लिए जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का आव्हान किया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुये प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है। इस समस्या के निदान हेतु वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को संचालित करना है। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक खेत तालाब, नदी तालाबों का निर्माण कराया जाये। साथ ही सम्मानित जन प्रतिनिधिगण भी अपने-अपने क्षेत्रों के ऐसे स्थानों को चयनित कर कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे हैंडपंप जो खराब हो चुके हैं, पेयजल योग्य नहीं हैं, उन्हें हटवाकर वर्षा का जल संरक्षण के योग्य बनाया जाए ताकि जितना जल उस हैंडपंप के माध्यम से निकाल चुके हैं कम से कम उतना जल वर्षा जल के माध्यम से भूमि को वापस किया जा सके। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने पेयजल की समीक्षा कर कहा कि पिछले वर्ष जिले में किन

जगहों पर पेयजल की समस्या थी और वर्तमान में पेयजल समस्या की क्या स्थिति है। उन्होंने पेयजल संकट के निदान हेतु किए गए प्रयास एवं कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित कर कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था हर हाल में सुचारू बनायी रखी जाये। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये जिससे की किसी भी नागरिक को पेयजल की समस्या नहीं रहे और ईधर-उधर भटकना नहीं पड़े। प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने उपार्जन की समीक्षा के दौरान पिछले वर्ष गेहूं एवं सरसों उपार्जन के लिए बनाए गए केन्द्र एवं इस वर्ष बनाए गए केन्द्रों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित कर कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति नहीं बने, इसके लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तीसरे एवं चौथे चरण अंतर्गत जिले में वर्तमान में प्रगतिरत सड़कों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आधार सीडिंग की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने जिले में अतिक्रमण मुक्त मुक्तिधाम, अतिक्रमण मुक्त मंदिर और भूमिहीन मुक्तिधाम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित कर कहा कि जिन मुक्तिधाम और मंदिरों पर अतिक्रमण है उन्हें मुक्त कराया जाना सुनिश्चित करें। और सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन मिलकर देखें और चिन्हित करें कि भूमिहीन मुक्तिधाम कितने हैं और मुक्तिधाम कहां बनाए जाना हैं। उन्होंने एमपीईबी की समीक्षा कर लहार, भिण्ड, मेहगांव और गोहद में प्रगतिरत सब स्टेशन के कार्य प्रारंभ और पूरा होने की टाईम लाईन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभागों के माध्यम से किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए प्रगति समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधित आवश्यक निर्देश दिए।

# केवल निर्माण कार्य करना ही पंचायत का काम नहीं, हमें लोगों की विचार प्रणाली को

## भी बदलना होगा - प्रभारी मंत्री श्री पटेल, अगर हमें विकास करना है तो पंच, सरपंचों को जागरूक होना पड़ेगा - विधायक भिण्ड श्री कुशवाह, अपनी पंचायत को स्वावलंबी बनाने के लिए करें विचार - श्रीमती कामना सिंह, पंच, सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न

**भिण्ड ब्यूरो।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के मुख्य आतिथ्य में पंच, सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम कम्युनिटी हॉल मेला ग्राउण्ड भिण्ड में आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र सिंह नरवरिया, कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं पंच, सरपंच उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल द्वारा पंच, सरपंच सम्मेलन उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रभारी मंत्री तथा मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने संबोधित कर कहा कि पंच, सरपंच वो संवाद है जो हमें सामर्थ्य देगा और हमारे सामर्थ्य से राज्य और देश यशस्वी बनेगा।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनी हुई व्यवस्था ही सबसे ऊपर होती है। त्रि-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में अधिकारों और कर्तव्यों का सामंजस्य आवश्यक है। पंचायत पदाधिकारी संवाद, समन्वय और संपर्क का उपयोग कर बेहतर कार्य करें। किसी के प्रति कटुता का भाव न हो। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केवल निर्माण कार्य करना ही पंचायत का काम नहीं है हमें लोगों की विचार प्रणाली को भी बदलना होगा।उन्होंने कहा कि जैसे आप सभी अपना परिवार चलाते हैं, अगर उसी प्रकार अपनी पंचायत को चलाएंगे तो विकास जरूर होगा। विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि पंचायत हमारी इकाई होती है, अगर हमें विकास करना है तो पंच, सरपंचों को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, नाली जैसी छोटी-छोटी जो समस्याएं होती हैं, ऐसी सभी समस्याओं का निदान सरपंच बड़ी आसानी से कर सकता है। हम सबका ये दायित्व बनता है कि हमारी पंचायत में क्या-क्या समस्याएं हैं और उनका समाधान कैसे हो अगर हम समय-समय पर पंच, सरपंच की बैठक ठीक प्रकार से होने लगेंगी तो समस्याओं का समाधान हो सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि कई संसाधनों की कमी की वजह से हमारे मन में ये आता है कि जो हमें कार्य करना है वो हम नहीं कर पाते हैं। लेकिन संसाधनों की समस्या हर जगह रहती है पर उससे ऊपर उठकर भी हमें ये देखना है कि हम अपनी पंचायतों के लिए क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए नया सत्र शुरू हो रहा है तो हमारा पहला कर्तव्य यही है कि हम यह सुनिश्चित करें कि जो बच्चे छूट रहे हैं, जिनका एडमिशन नहीं हो पा रहा है तो किस प्रकार से हम उन बच्चों को स्कूल के लिए प्रेरित करें और उन बच्चों का दाखिला हम स्कूल में करवाएं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु आ रही है तो जल की समस्या बढ़ेगी तो हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी पंचायत में कैसे इस समस्या को दूर कर सकते हैं। हमें यह सोचना है कि हम कैसे अपनी पंचायत को स्वावलंबी बना सकते हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ढ़ेंगदा में किया श्रमदान

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ढ़ेंगदा में अमराल नदी के घाट पर साफ सफाई के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था मानव फाउंडेशन के सहयोग से आज प्रस्फुटन समिति एवं मेंटर्स तथा ग्रामीणों की जनभागीदारी से ढ़ेंगदा नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए घाट सहित नदी किनारों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी श्री राजेश शर्मा, नवांकुर संस्था के सदस्य, मेंटर्स श्री प्रमोद तिवारी, श्री लक्ष्मण राव शिंदे, पंचायत सचिव, विद्यालय का स्टॉफ, सीएमसीएलडीपी छात्र आदि उपस्थित रहें।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर आयुष विभाग द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर 10 अप्रैल को

**भिण्ड ब्यूरो।** विश्व होम्योपैथिक दिवस पर आयुष विभाग द्वारा 10 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को जिले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग से प्राप्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ नीलम कुशवाह के नेतृत्व में विश्व होम्योपैथिक दिवस पर प्स्वर्वजन स्वास्थ्य का लक्ष्य है कि हर कोई स्वस्थ रहे और प्रसन्न रहेष् की थीम पर एक विशाल मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ने बताया कि होम्योपैथी जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन की 270 जयंती पर होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है उन्होंने कहा कि होम्योपैथीक दवाइयों में पौधों और खनिजों का उपयोग किया जाता है यह पारंपरिक उपचार प्रणाली आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में सक्षम है होम्योपैथिक प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है यह पूरे शरीर की समस्त चिकित्सा करती है या शरीर के रोगों के लक्षणों को ठीक करती है बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोध क्षमता को भी मजबूत बनाती है यह प्राकृतिक और सुरक्षित है शरीर की बीमारियों का जड़ से इलाज करती है इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है लंबे समय तक असरदार है मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में लाभकारी है सभी आयु वर्ग के लिए सुरक्षित है अधिक से अधिक संख्या में आमजन इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें।

## शासकीय कर्मचारी आधार का पता मध्यप्रदेश के बाहर का होने पर भी करा सकते हैं समग्र ईकेवाईसी

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार सभी शासकीय कर्मचारियों की समग्र ईकेवाईसी होना अनिवार्य है। अतः ऐसे शासकीय कर्मचारी जिनकी ईकेवाईसी आधार कार्ड में पता मध्यप्रदेश के बाहर का होने के कारण पेंडिंग है। वे सभी समग्र पोर्टल पर अपना एम्प्लोई कोड डालकर आधार का पता मध्यप्रदेश के बाहर का होने पर भी समग्र ईकेवाईसी करा सकते हैं।

# महापौर डॉ. सिकरवार एवं सभापति श्री तोमर ने बैजाताल पर किया नौकायन का शुभारंभ

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित बैजाताल बोट क्लब पर नौकायन का शुभारंभ महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने नौकायन कर किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री विनोद यादव, श्री शकील मंसूरी, पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल, श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिंह सिकरवार, आईईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल सहित आमजन उपस्थित रहे। बैजाताल का जीर्णोद्धार कर द्वारा पानी भरा गया है, जिसका शुभारंभ आज किया गया। अब यह पर्यटन स्थल नौकायन और पर्यटन के लिए तैयार है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा बैजाताल बोट क्लब में संचालित नौकायन का पुनः संचालन प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर पोदार इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं स्वच्छता मित्रों सम्मान किया गया। बैजाताल पर जिसमें वाटर बाईक के लिए महिला, पुरूष को 50 रूपये, 03 वर्ष से 12 वर्ष की आयु तक के लिए 30 रूपये, वरिष्ठ नागरिकों क लिए 40 रूपये एवं दिव्यांग के लिए निशुल्क रहेगा। इसी प्रकार पेडल बोट के लिए महिला, पुरूष को 50 रूपये, 03 वर्ष से 12 वर्ष की आयु तक के लिए 30 रूपये, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 40 रूपये एवं दिव्यांग के लिए निशुल्क रहेगा तथा इलेक्ट्रिक बोट के लिए महिला, पुरूष को 150 रूपये, 03 वर्ष से 12 वर्ष की आयु तक के लिए 50 रूपये, वरिष्ठ नागरिकों क लिए 50 रूपये एवं दिव्यांग के लिए निशुल्क रहेगा एवं शिकारा के लिए महिला, पुरूष को 150 रूपये, 03 वर्ष से 12 वर्ष की आयु तक के लिए 50 रूपये, वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50 रूपये एवं दिव्यांग के लिए निशुल्क रहेगा।

# निगमायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**ग्वालियर।** स्वच्छता के कार्य में लगे सभी अधिकारी सुबह क्षेत्र में भ्रमण कर स्वच्छता का कार्य देखें। बिना सूचना के कोई भी सफाई कर्मचारी अनुपस्थित रहता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करें। स्वर्ण रेखा नदी में कचरा फैंकते पाये जाने पर जुर्माना वसूला जाए। उक्ताशय के निर्देश स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिंह सिकरवार, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं जेडएचओ उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे एवं डिवाइडरों पर कहीं भी गंदगी न दिखे तथा खाली प्लॉटों में कचरा फैंकने वालों को समझाइश दें अगर नहीं मानते हैं तो जुर्माना भी वसूला जाए। बल्क वेस्ट जनरेटर को चिन्हित कर सेग्रीगेशन करायें। इसके साथ ही स्वच्छता जन जागरूकता के लिए स्कूल, कॉलेज में अभियान चलाकर छात्रों को जागरूक करें। स्वच्छता के कार्य में लगे वाहन नियमित रूप चलें तथा सभी वाहनों में जिंगल बजे इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान यह भी निर्देशित किया कि कहीं भी कचरा ठिया न दिखे। स्थाई रूप से कचरा ठिया समाप्त किया जाए और जहां कचरा वाहन जा रहा हैं अगर वहां कचरा ठिया नजर आया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग लें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही स्वच्छता की वार्ड वार एवं शासकीय कार्यालय वार रैंकिंग प्रत्येक माह करायें।

# गर्मी के मौसम में आम जनों को न आए पेयजल की समस्या

## महापौर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम में आम जनों को पेयजल की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल वितरण की कार्ययोजना तैयार कर उस पर सख्ती से अमल किया जाए। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार ने बुधवार को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल वितरण एवं सीवर समस्या के निराकरण के संबंध में अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। नगर निगम के बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, श्रीमती लक्ष्मी अरविंद शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, श्री विजय राज सहित पेयजल वितरण व्यवस्था एवं सीवर समस्या के निराकरण के लिये नियुक्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आगामी दिनों में पेयजल वितरण व्यवस्था को बेहतर रखा जाए। आम जनों को पेयजल की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल के संबंध में कोई समस्या आती है तो उसका निराकरण भी तत्परता से किया जाए ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। महापौर डॉ. सिकरवार ने यह भी निर्देशित किया है कि पेयजल के अपव्यय को भी सख्ती से रोका जाए। शहर में जहां भी पेयजल अपव्यय की शिकायत मिलती है वहां पर निगम तत्परता से कार्रवाई करे। इसके लिये जन जागरूकता का भी अभियान चलाया जाए। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल वितरण व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार की जाए। कंट्रोल रूम गठित किया जाए। इसके साथ ही आवश्यक सामग्री पूर्व से ही भण्डार में रखी जाए ताकि समस्या आने पर उसका निराकरण किया जा सके। महापौर डॉ. सिकरवार ने सीवर समस्या के निराकरण के लिये भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात से पूर्व सभी नालों की सफाई व्यवस्था का कार्य किया जाए। शहर में गोबर के कारण आ रही सीवर समस्या को देखते हुए सीवर लाइन में गोबर फैलाने वालों के विरूद्ध भी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल वितरण व्यवस्था के संबंध में विभाग द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर के तिघरा जलाशय में उपलब्ध पानी की उपलब्धता को देखते हुए आम जनो को प्रतिदिन पेयजल प्रदान करने के लिये भी निर्णय किया जा सकता है। इसके साथ ही अपव्यय को रोकने के लिये भी विभागीय स्तर पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बरसात से पूर्व सीवर समस्या न आए, इसके लिये सफाई का कार्य भी विभागीय स्तर पर कराया जा रहा है।

# उपखंड लश्कर पूर्व के जलकर उपभोक्ताओं की पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम का गठन

**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल व्यवस्था सुद्रण बनी रहे इसके लिए जल प्रदाय संधारण उपखंड लश्कर पूर्व के लिए संजय कॉम्प्लेक्स के पीछे जयेन्द्रगंज पानी की टंकी पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। सहायक यंत्री श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गर्मियों में होने वाली पेयजल समस्या के लिए जल प्रदाय संधारण उपखंड लश्कर पूर्व ग्वालियर की संजय कंपलेक्स के पीछे जयेंद्रगंज पानी की टंकी पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मोबाइल नंबर 8965028938 एवं दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक मोबाइल नंबर 9340356445 शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस कंट्रोल रूम से वार्ड क्रमांक 34,44,45,46,54,55,56,57,58,59 के अंतर्गत क्षेत्र में पेयजल शिकायतों की समस्या के समाधान के लिए शिकायत दर्ज करा सकते है

# वर्षों पूर्व अपनों से बिछड़े दानिश व देवेन्द्र को जिला प्रशासन की पहल ने परिजनों से मिलाया

**ग्वालियर।** वर्षों पूर्व अपनों से बिछड़े दो लोगों को जिला प्रशासन की एक पहल ने उनके घर वालों से मिला दिया। जिले के डबरा कस्बे में एक सेवाभावी संस्था द्वारा ÷अपना घर आश्रम÷ संचालित है। इसमें यह संस्था ऐसे बेसहारा लोगों को आश्रय देती है जो न तो किसी से मदद मांगते हैं और असहाय अवस्था में कस्बे की सड़कों, बाजारों व बस स्टैण्डों पर दिखाई देते हैं। आश्रम में इन लोगों को संस्था द्वारा प्रभुजी के नाम से संबोधित किया जाता है। ÷अपना घर आश्रम÷ में इस संस्था द्वारा दानिश उर्फ कर्मचंद व देवेन्द्र उर्फ देवांश को आश्रय दिया था। दोनों यह बताने में असमर्थ थे कि वे कहां के रहने वाले हैं। वर्तमान में इस संस्था में लगभग एक सैंकड़ा प्रभुजी निवासरत हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने आश्रम में रह रहे सभी लोगों के आधारकार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत जब दानिश व देवेन्द्र के आधारकार्ड बनाने की कार्रवाई की गई तो पोर्टल पर दोनों के आवेदन रिजैक्ट हो गए। कारण यह था कि इन दोनों के आधारकार्ड पहले से ही बने हुए थे। इस आधार पर पता चला कि दानिश उर्फ कर्मचंद पिछले 6 साल से लापता हैं। वे उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद शहर के निवासी हैं। इसी तरह बैतूल निवासी देवेन्द्र उर्फ देवांश लगभग 3 साल से लापता थे। इन दोनों के घर वालों ने लाख जतन किए पर इन्हें ढूँढ नहीं पाए। ग्वालियर जिला प्रशासन द्वारा की गई आधारकार्ड बनाने की पहल ने इन दोनों के परिजनों की समस्या हल कर दी। पहले से ही बने आधारकार्ड के आधार पर इनका पता खोजकर दोनों के परिजनों को सूचित किया गया कि दानिश व देवेन्द्र सुरक्षित हैं व डबरा के ÷अपना घर आश्रम÷ में रह रहे हैं। बुधवार को दोनों के घरवाले डबरा पहुँचे और एसडीएम श्री दिव्यांशु चौधरी व तहसीलदार श्री दिव्यदर्शन शर्मा एवं अपना घर आश्रम के सेवादारों की मौजूदगी में दानिश व देवेन्द्र से मिले। वर्षों बाद अपने परिजनों को पाकर सभी की आंखें छलक आईं। अब दानिश व देवेन्द्र खुशी-खुशी अपने घर जा रहे हैं।

# निगम के पीएचई अमले ने बंद कराये 13 अवैध वाहन धुलाई सेंटर

**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम में जल समस्या को देखते हुए नगर निगम ग्वालियर द्वारा अवैध वाहन धुलाई सेंटरों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है तथा यदि चेतावनी के बाद भी धुलाई सेंटर संचालक धुलाई सेंटर बंद नहीं करते तो उनके कनेक्शन काटने के साथ ही सामान जब्त किया जा रहा है। जिसके तहत आज 17 अवैध धुलाई सेंटर बंद कराए गए। सहायक यंत्री श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार विभिन्न स्थानों पर अवैध धुलाई सेंटरों को बंद कराया गया। जिसके तहत आज जलप्रदाय संधारण उपखंड लश्कर पूर्व की संयुक्त टीम द्वारा वार्ड में हो रहे संचालित 13 वाहन धुलाई सेंटरों को तत्काल बंद कराया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 34 में छप्पड़ वाला पुल पर लल्लन मियां के बगल में, वार्ड क्रमांक 44 में हुजरात पुल चौराहे पर बन्नो बाई, समीना बाई, वार्ड क्रमांक 57 में खूबी की बजरिया डॉक्टर सर्राफ के सामने, टाटा मोटर्स के पीछे बाड़ा में, वार्ड क्रमांक 58 में हरीशंकर पुरम अशोक राजोरिया डी-18, नारायण ऑटो पार्ट्स डी-140, सोहेब सर्विस सेंटर एफ-322, झांसी रोड पर न्यू कार क्लिनिक, वार्ड क्रमांक 59 में एस.आर.मोटर्स सर्विस, साहू जी कार क्लिनिक, भागीरथ ऑटोमोबाइल के धुलाई सेंटर बंद कराए गए।

कार्यवाही के दौरान उपखंड के उपयंत्री श्री शंभू दयाल श्रीवास्तव, श्री राकेश सिंह दिखित, श्री महेंद्र सूर्या, श्री राजेश कुशवाह, श्री राहुल शर्मा, श्री राजेश कुमार, श्री नसरुद्दीन कुरैशी, श्री कुलदीप सिकरवार एवं उपखंड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराज बाड़ा एवं लक्कड़ खाना पुल के पास शीतल जल प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**ग्वालियर।** भीष्ण गर्मी में आमजन को ठंडा एंव शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए नगर निगम ग्वालियर ने शीतल जल प्याऊ लगाई गई हैं। सहायक यंत्री श्री प्रवीण दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार भीष्ण गर्मी को देखते हुए जगह जगह शीतल जल प्याऊ लगाई गई हैं। निगम द्वारा महाराज बाड़ा एसबीआई बैंक के पास एवं लक्कड खाना पुल के पास शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही निगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि ग्रीष्मकाल में पानी की कमी को देखते हुए शहर वासी जल का अपव्यय न करें। जितनी आवश्यकता है उतना ही जल का उपयोग करें।

# पुरानी रंजिस के चले दो पक्षों में चली गोली चार लोग घायल

**मुरैना,कांस।** के अंबाह तहसील में हुई फायरिंग,गोली लगने 4 हुए घायल,घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सिविल अस्पताल अंबाह से किया जिला अस्पताल रेफर।

**गोली लगने वाले घायलों के नाम**

अमन, सिकरोडी,अजय, आर्यन दोनों भाई चुंगी नाका अंबाह ,सत्यवीर उर्फ लला मिडैला को लगी गोली।

# फल बहार की नीलामी 11 एवं 23 अप्रैल को

**श्योपुर ब्यूरो।** उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय संजय निकुंज कराहल की कटहल, आम एवं नीबू फलबहार की नीलामी 11 अप्रैल को तथा शासकीय संजय निकुंज ओछापुरा में नीबू फल बहार की नीलामी 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा जानकारी दी गई है कि शासकीय संजय निकुंज कराहल एवं ओछापुरा में फल बहार की नीलामी में इच्छुक फल व्यापारी, सब्जी दुकानदार एवं अन्य व्यापारी नीलामी की शर्तो के अनुरूप भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए रोपणी कराहल के लिए मोबाइल नंबर 9098913619 तथा ओछापुरा के लिए मोबाइल नंबर 8305437262 पर संपर्क किया जा सकता है। फल बहार की नीलामी संबंधित रोपणी परिसर में ही की जायेगी।

# 1075 की जांच में 463 महिलाएं निकलीं हाईरिस्क गर्भवती

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ लगाई गई एचआरपी क्लीनिक

## कलेक्टर की निगरानी में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने लगाई जा रही एच.आर.पी. क्लीनिक

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिले के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ एचआरपी क्लीनिक लगाकर गर्भवती माताओं की जांच की गई। क्लीनिकों पर 1074 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 463 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। ग्वालियर जिले में कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान की अगुवाई में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत हर माह की 9 व 25 तारीख की चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाती है। इसी कड़ी में 9 अप्रैल को एच.आर.पी. क्लीनिक लगाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि ने बताया कि जिले में 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुई एचआरपी क्लीनिक में 1074 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी, हीमोग्लोबिन सहित खून की अन्य जांचे और यूरिन की जांच भी कराई गई। इनमें से 463 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। इनमें से 11 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 175 महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की गई। साथ ही 31 महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाया गया। साथ ही महिलाओं को फल और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती माताओं का प्रसव होने तक लगातार फोलोअप कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिसके तहत हर माह की 9 व 25 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. दीपाली माथुर ने बताया कि हर माह की 9 एवं 25 तारीख को हाई रिस्क (अधिक जोखिम) वाली गर्भवती महिलाओं की जांच महिला चिकित्सक द्वारा की जाती है।

**यहां आयोजित हुई क्लीनिक**

जिले में जिन 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाई गई, उनमें जिला चिकित्सालय मुरार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापूर, भितरवार, मोहना, डबरा व दीनदयालनगर शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उटीला, चीनौर, वीरपुर, आतरी, पिछोर व कुलैथ, प्रसूति गृह माधौगंज व बिरलानगर, यूपीएचसी लक्ष्मीगंज, हुरावली, पंतनगर, ठाठीपुर, बहोड़ापुर, निम्माजी की खो व सिविल हॉस्पिटल हजीरा, सिविल डिस्पेंसरी जनकगंज व सिविल अस्पताल हेमसिंह की परेड शामिल हैं।

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करें सुनिश्चित**

**मुख्यमंत्री ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहाँ की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महावीर जयंती पर प्रदेश के नागरिकों को दी बधाई

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान महावीर ने तत्कालीन समाज को मानवता, अहिंसा और सद्भावना का संदेश दिया जो आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महावीर जयंती पर हो रहे कार्यक्रमों की सफलता की कामना की है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

सूचना क्रमांक 25-28_CAMCofEGMcs दिनांकः 07.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांकः 25-28_ कम्प्रेसिव ए.एम.सी. आफ एण्ड ग्रांइडिग मशीन

कार्य का विवरणः रेल स्प्रिंग कारखाना मे एण्ड ग्रांइडिग मशीनों की कम्प्रेसिव ए.एम.सी. का कार्य हेतु ।

अनुमानित लागत (रूपयों मे)ः रू. 103461552.00/-(रू. दस करोड चौतीस लाख इक्सठ हजार पाँच सौ बावन मात्र)

धरोहर राशि (रूपयों मे)ः रू. 667300/- | निविदा फार्म की कीमत (रूपयों मे)ः रू.0.00

कार्य की अवधिः कार्य प्रारंभ करने की दिनांक से 36 माह, 1. ई-निविदा दिनांक 25.04.2025 को समय 11:00 बजे बंद होगी। ई निविदा भारतीय रेलवे की ई- टेण्डर की बेव साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है । 2. ई-टेण्डर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की बेव साइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है । 3. पात्रता की शर्तें :- समान प्रकार के कार्य का अनुभव इत्यादि, निविदा के लिये न्यूनतम पात्रता की शर्तें एवं अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र एवं भारतीय रेलवे की ई- टेण्डरिंग की बेव साइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध रहेंगे। 4. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन / परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई- टेण्डरिंग की बेव साइट www.ireps.gov.in. पर देखते रहें। इस संबंध मे कोई सूचना नही दी जावेगी और ना ही किसी प्रकार का पत्राचार किया जावेगा । टिप्पणीः- निविदाकार को उपरोक्त पात्रता पूर्ण करने संबंधी दस्तावेज अपने टेण्डर के साथ प्रस्तुत करने होंगे । उपरोक्त पात्रता को पूर्ण न करने वाले टेण्डरों को टेण्डर प्रक्रिया मे शामिल नही किया जावेगा । 630/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## संपादकीय

# हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्त्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोड़ने या हटाने का कोई अचित नहीं है, लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है। अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता, अभद्रता या मर्यादाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है। उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्रायः संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं। यानी नफरती बयान देते हैं तो ये तत्काल ही संघ की बदनामी का कारण बन जाते हैं और संघ की आलोचनाओं के घेरे में आ जाता है जिससे उसके भविष्यगामी उद्देश्य में बाधा पहुंचती है। इसलिए संघ चाहता है कि हिन्दू संगठन या हिन्दू समूह ऐसे विवादों को जन्म न दें जिससे सामाजिक या सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ता हो, कानूनी संकट खड़ा होता हो और इन्हें लेकर संघ या भाजपा को सफाई देनी पड़ती हो। संघ इसीलिए समय-समय पर फुटकर हिन्दू समूहों की आलोचना करता है। वैसे भी यह संघ की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस तरह के समूहों को नियंत्रण में रखे और उन्हें कानून-व्यवस्था विरोधी तत्वों के रूप में उभरने न दे।

# घुटने की घटना

(पंकज शर्मा-विभूति फीचर्स)

आजकल जो भी कोई मिलता है तो अपने घुटनों के दर्द का जिक्र जरूर करता है। लगता है जैसे सभी लोगों के घुटने बिना चले ही घिस गए हैं। घुटने की बात चली है तो सर्वप्रथम पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की याद जेहन में कौंध जाती है,जब वे दूसरी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तब उनके भी घुटने टिक गए थे। थक हार कर उनको अपने घुटनों की शल्य चिकित्सा करवानी पड़ी थी जिसके कारण उनकी चाल अत्यंत धीमी हो गई थी। आजकल जो समस्या आई है वह तो बड़ी ही भयावह स्थिति है। पिछले दिनों यह समस्या राजनैतिक गलियारों से होकर कई राज्यों से गुजरी। राजधानी दिल्ली में या यूं कहें एन सी आर में केजरीवाल की आप सरकार के घुटनों में हुआ दर्द इतना बढ़ा कि हद से गुजर गया। घुटनों ने ऐसा जवाब दिया कि सरकार ही गिर पड़ी और गिरी भी तो बुरी तरह से गिरी। मनीष सिसोदिया ,अरविंद केजरीवाल जैसे कट्टर ईमानदार नेताओं के घुटने ऐसे टिके कि इस दर्द की दवा आज भी ढूंढ रहे हैं । दिल्ली के खास ओ आम को सस्ती दारू बेचने के चक्कर में , मोहल्ला क्लीनिक के कथित घोटाले के चक्कर में, फिर शिक्षा घोटाले के चक्कर में फिर जमुना जी की सफाई न करवाने के चक्कर में,और अंत में मुफ्त की रेवड़ी बांटने के चक्कर में पहले तिहाड़ जेल में वर्षों तक हाड़ गलवाते रहे। जैसे- तैसे बाहर आए तो चुनाव का चक्र चला। चक्र क्या था यार चक्रव्यूह था,जिसमें आप सुप्रीमो की आपदा में फंसे पीड़ित जैसी स्थिति हो गई,नतीजा तो हम सभी ने देख ही लिया! जिन घुटनों पर लोग बरसों बरस बड़े- बड़े प्रदेशों को मुखिया बन कर चलाते रहे। उनके घुटनों को भी समय ने टिका दिया। महाराष्ट्र में एक नाथ शिंदे जी जो अपने मजबूत घुटनों के बल पर उद्धव ठाकरे जी को घुटनों के बल पर चला दिए थे आज वे खुद भी घुटनों पर आ गए हैं और अपने दर्द की दवा ढूंढने को बाध्य हैं। लोगों का प्रमोशन होता है मगर इन का डिमोशन हुआ और डिमोशन किसका होता है यह सभी जानते हैं जो पढ़े लिखे हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के सबसे मजबूत घुटने समझे जाने वाले मुख्य मंत्री भी समय के जाल में ऐसे फंसे कि कुर्सी छोड़ कर कृषि मंत्री जैसी कुर्सी से काम चलाना पड़ रहा है। मामा बन कर पूरे मध्य प्रदेश को मामा बना दिया।

उड़ीसा के मुखिया के घुटने तो बुरी तरह से घिस जाने के कारण अब लगता है कि लाइलाज हो गए हैं। कोराना जैसी वैश्विक आपदा के दौरान लगाई गई वैक्सीन से लोगों की जान तो बच गई मगर लगता है आपदा में अवसर की तर्ज़ पर घुटनों ने भी अपने हारने की घोषणा का अवसर पा लिया। मेरे घुटनों में भी इस दर्द के बीज रोपित हो गए हैं। इन दर्द भरे घुटनों की दवा ढूंढने के लिए यू ट्यूब पर जानकारी जुटाने के लिए जैसे ही घुसा,देख कर दंग रह गया यहां पर नीम हकीमों की इतनी लंबी कतार लगी थी कि यकीन नहीं हो रहा था।

इतने इलाज दुनिया में पड़े हैं और हम घुटने टेक रहे है? यू ट्यूब पर कथित विशेषज्ञों द्वारा हर मर्ज के आयुर्वेदिक,घरेलू,होम्योपैथी, एलोपैथी, हलवापैथी, जलवापैथी वीडियो की भरमार है फिर भी हम इन दर्द भरे घुटनों को पकड़े पकड़े चल रहे हैं।

वैसे देखा जाए तो इंसान अपने जीवन में घुटने तभी टेकता है जब मंदिर में भगवान से कुछ मांगने जाता है या फिर अपनी प्रेमिका से उसका हाथ शादी के लिए मांगता है मगर आजकल जो घुटने टेकने की घटनाएं घट रही है वह अत्यंत ही विचारणीय हैं। लोग इतना अच्छा कमा रहे हैं। इतना अच्छा होटलों में खा रहे हैं। इतनी अच्छी बड़ी बड़ी गाडियों में, हवाई जहाज में यात्रा कर रहे हैं फिर भी घुटने टेक रहे हैं तो यह स्थिति तो पड़ोसी पाकिस्तान बांग्लादेश जैसी हो रही है जहां आए दिन सरकारों के घुटने सेना टिका देती है या पाकिस्तान में बलूचिस्तान ने सरकार को घुटने पर ला दिया है। कुल मिला कर कहें तो हम सब किसी न किसी के सामने घुटने टेक रहे हैं।अब पूरी दुनिया के समक्ष एक यक्ष प्रश्न बन कर खड़ा है कि यह घुटने टेकने का रोग आया है या बुलाया गया है?

## शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू- दोकू क्र.013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.012 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते हैं। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है, चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी।

**वृषभ**

आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छे ऑफर्स मिलेंगे और अधिक से अधिक लाभ होगा। इस राशि की महिलाओं को आज बिजनेस में अच्छा लाभ मिलेगा और वह आज अपने बिजनेस को काफी विस्तृत करेंगी। किसी बड़े बुजुर्ग की मदद करने से आप राहत फील करेंगे। काम में तमाम कठिनाईयां होने के बावजूद भी आप उनसे सामना करने में सफल होंगे।

**मिथुन**

आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। चुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, चुक्स की सेल ज्यादा ही बढ़ेगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। सेहत के हिसाब से आज आप खुद को फेश फील करेंगे। नवविवाहित दम्पति आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिये जायेंगे, भगवान से अपने रिश्ते के लिए प्रार्थना करेंगे। परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके अच्छा रहने वाला है। आज का दिन माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नया पद मिलेगा। आज आप दूसरों की समस्याओं निवारण करेंगे। आज आप नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। अपना टाइम आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नजर आएंगे। मित्र को उसके जीवन में चल रही समस्याओं से बचने के लिए आप उसको सलाह देंगे जिससे उसका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अगर आप नया व्यापार शुरू करना चाहते है तो किसी अनुभवी से सलाह अवश्य ले लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**कन्या**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। फुटबॉल खेल रही महिलाओं को आज शानदार जीत मिलेगी, जिससे उनको अवार्ड दिया जायेगा। आमदनी में आज इजाफा होने से आपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा। आपका फ्रेंड आपसे जरुरी सामान की डिमांड कर सकते हैं, आप भी उनको निराश नहीं करेंगे। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे, आपसी रिश्ता अच्छा बनेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियाँ ज्यादा बढ़ेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा जिससे आप काफी खुश रहेंगे। आप नए काम पर सोच विचार कर सकते है जिससे आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवनसाथी आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपसी रिश्ता मजबूत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। बच्चे अपने जरुरत का सामान आपसे मांग सकते है। शिक्षकों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। आज आप बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। लेखकों को आज उनके किसी कविता के लिए सम्मानित किया जायेगा। संतान पक्ष से आज आपको शुभ समाचार मिलेगा।

**धनु**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों के द्वारा सम्मानित लिया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्तों में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा। पौष्टिक भोजन करे जिससे आपकी सेहत में सुधार होगा। घुटनों सम्बन्धी समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर से दिखायेंगे। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के अच्छे रिश्ते आयेंगे।

**मकर**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे निपटने में सफल होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। अपना आत्मबल जगाने की कोशिश करना जारी रखना होगा, जिससे विपरीत स्थितियों का आप सामना कर सकेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करेंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन काफी शानदार रहने वाला है।

**कुंभ**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे। ज्वेलरी शॉप वालो की आज अधिक सेल होगी और अधिक लाभ होगा। माता जी आपके काम में हेल्प करेंगी आपको काफी आराम रहेगा। कुछ लोग आज आपसे ज्यादा हेल्प की उम्मीद रखेंगे, आप हेल्प करके उम्मीद को कायम करेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ आएँगी। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**मीन**

आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आज आप बिजी रहेंगे, जिससे घर देर से पहुंचेंगे। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका इम्प्रेशन लोगों पर साफ दिखेगा। आपनी आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए आपको और मेहनत करने की जरुरत है। आपको फालतू के खर्चों को कम करना चाहिए जिससे परिस्थितियाँ आपके अनुकूल रहे। दादा- दादी का समय बच्चों को कहानियाँ सुनकर बीतेगा।

## उपभोक्ता अधिकार -34

# शासन द्वारा जरूरतमंद को मिलता है निशुल्क वकील

- राकेश शिवहरे -

कोर्ट केस लड़ने और वकील करने के लिए पैसे नहीं है तो परेशान न हो ,वकील और कागजी खर्च भी नही लगेगा ।संपूर्ण भारत में सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को हाई कोर्ट,सिविल कोर्ट, घरेलू विवाद कुटुंब न्यायालय,बाल न्यायालय, उपभोक्ता आयोग, श्रम न्यायालय तथा जेल में बंद कैदियों को पेसो के अभाव है तो टोलफ्री नंबर 15100 पर कॉल करे या जिले में स्थापित विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को आवेदन देकर शासन की इस योजना का लाभ ले सकते है।

**राष्ट्रीय टोल फ्री पर कॉल करे**

पीड़ित उपभोक्ता इस हेतु राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर लिए 15100पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते है यहां से सूचना जिला शाखा में भेज दी जाती है वहीं जिला शाखा पीड़ित को बुलाकर उससे जानकारी लेकर केस लड़ने के लिए लीगल सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है

**लीगल सहायता के लिए पात्रता**

विधिक सेवा प्राधिकरण संपूर्ण भारत में कार्यरत है जन्हां आरक्षित वर्ग के साथ सामान्य वर्ग की 2 लाख से कम आय के व्यक्ति ही पात्र होगे,परंतु योजना के प्रचार प्रसार के अभाव तथा जानकारी के अभाव में लीगल सेवा का लाभ नहीं उठा पाते है।

**जरूरतमंदों का लाखों का खर्च बच जाता**

अगर फैमिली कोर्ट में कोई मामला जाता है तो कागजी कार्रवाई में ही कम से कम 5000 रुपए लग जाते हैं। 2-3 साल केस चलता है जिसमें वकील की फीस और अन्य जोड़कर 3 लाख का खर्च मामूली बात है। कई मामलों में 10 से 20 लाख तक खर्च हो जाता है। प्राधिकरण द्वारा सिविल से लेकर घरेलू विवाद तक के मामलों में पीड़ित का केस लड़ा जाता है।

**लीगल क्लीनिक पर समझाइस से निराकरण**

बहुत से केस आज कल शासन द्वारा स्थापित लीगल क्लीनिक पर नियुक्त लीगल वोलियांटर समझाइस के द्वारा हल करने का सार्थक प्रयास करते है अन्यथा में प्राधिकरण को प्रेषित कर दिए जाते है।

**( लेखक उपभोक्ता आयोग में वरिष्ठ सदस्य है )**

## -महावीर जयंती पर विशेष

# शांति, करुणा, सत्य और अहिंसा के महान वीर भगवान "महावीर"

- डॉ.केशव पाण्डेय

समृद्ध भारत की संस्कृति और दर्शन में जिन महान व्यक्तित्वों ने मानवता को नई दिशा दी, उनमें भगवान महावीर का नाम अत्यंत श्रद्धा और सम्मान से लिया जाता है। वे केवल जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर ही नहीं हैं, बल्कि समस्त मानव जाति के लिए शांति, करुणा, सत्य, अहिंसा और आत्मसंयम के प्रतीक हैं। भगवान महावीर के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। उनके जीवन और उपदेशों ने न केवल भारतवर्ष को, बल्कि समूचे विश्व को प्रभावित किया।

आज महावीर जयंती है। यह जैन धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पावन पर्व है, जिसे भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व भगवान महावीर के जन्म दिवस की स्मृति में मनाया जाता है, जो जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर माने जाते हैं।

भगवान महावीर का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के 13वें दिन वैशाली राज्य (अब बिहार) के कुंडलपुर में एक राजपरिवार में हुआ था। पिता राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला थीं। वे क्षत्रिय वंश के थे और लिच्छवि वंश से संबंध रखते थे। जिस स्थान पर महावीर का जन्म हुआ उसे अहल्या भूमि कहा जाता है।

हालाँकि उनके जन्म के सही वर्ष को लेकर कुछ असहमति है। श्वेतांबर जैनियों के एक समूह का मानना है कि उनका जन्म 599 ईसा पूर्व में हुआ था, जबकि दिगंबर जैन का मानना है कि 615 ईसा पूर्व में हुआ था।

उनका बाल्यकाल राजसी सुख-सुविधाओं में बीता, लेकिन उनके मन में वैराग्य की भावना विद्यमान थी। यही वजह रही कि महज 30 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग कर दीक्षा ली और आत्मसाक्षात्कार के मार्ग पर चल पड़े। उन्होंने 12 वर्षों तक कठोर तपस्या और ध्यान साधना की।

अंततः, उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे महावीर कहलाए- अर्थात ÷महान वीर÷, जिसने इंद्रियों और इच्छाओं पर विजय पाई। उनके माता-पिता ने उन्हें वर्धमान नाम दिया था। श्वेतांबर समुदाय की मान्यताओं के अनुसार महावीर की मां ने 14 सपने देखे थे, जिनकी बाद में ज्योतिषियों ने व्याख्या की, सभी ने कहा कि महावीर या तो सम्राट बनेंगे या ऋषि (तीर्थंकर)। जब महावीर 30 वर्ष के थे तब उन्होंने सत्य की खोज के लिए अपना आरामदायक जीवन छोड़ दिया। उन्होंने 12 साल गहन ध्यान में बिताए और दूसरों को शांतिपूर्ण और दयालु रहना सिखाया। अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने की क्षमता के कारण उन्हें महावीर नाम दिया गया था। उनके जीवन से स्पष्ट होता है कि आध्यात्मिकता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि अनुभव से आती है।



ऐसा माना जाता है कि जब महावीर 72 वर्ष के थे तब उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। जैन ग्रंथों और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा और तप का संदेश देकर समाज को नैतिक मार्ग दिखाया। इस ज्ञान के माध्यम से वे जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो गए और उन्हें ÷अरिहंत÷ की उपाधि प्राप्त हुई।

महावीर ने पंच महाव्रत को जीवन का मूल सिद्धांत माना। जिसके तहत उन्होंने जीवन को संयम और नैतिकता से जीने का मार्ग दिखाया। ये व्रत जैन धर्म के मूल स्तंभ हैं और संसारिक व्यक्ति को मोक्ष की दिशा में अग्रसर करते हैं।

अहिंसाः अहिंसा परमो धर्म- महावीर ने कहा कि किसी भी जीव को मन, वचन या कर्म से कष्ट पहुँचाना हिंसा है। हिंसा केवल शारीरिक नहीं होती, बल्कि मानसिक और वाचिक हिंसा भी घातक है। उनका यह सिद्धांत आज के युग में भी वैश्विक शांति और सहअस्तित्व का मूलमंत्र है।

सत्यः सत्य बोलना और सत्य का पालन करना महावीर के उपदेशों में प्रमुख था। असत्य न केवल दूसरों को भ्रमित करता है, बल्कि आत्मा को भी कलुषित करता है।

अस्तेयः चोरी न करना-बिना स्वीकृति किसी भी वस्तु को लेना या उपयोग करना चोरी है। भगवान महावीर ने लोगों को ईमानदारी और न्याय केंद्रित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

ब्रह्मचर्य = इंद्रिय संयम और शुद्ध आचरण को उन्होंने जीवन की उन्नति का मूल बताया। संयम ही आत्मा को बल देता है।

अपरिग्रह = संपत्ति और संबंधों में अनासक्ति- सांसारिक वस्तुओं में मोह को दुःख का कारण बताया। आत्म-स्वतंत्रता के लिए अनावश्यक संग्रह से बचने का उपदेश दिया।

भगवान महावीर की महानता देखिए कि उन्होंने सर्वधर्म समभाव का भाव जाग्रत किया। उन्होंने अपने उपदेशों को कभी किसी पर थोपने की कोशिश नहीं की। विचारों की स्वतंत्रता को सर्वोपरि माना और प्रत्येक जीव को अपने रास्ते पर चलने की छूट दी। यही कारण है कि उनका धर्म संवाद का पक्षधर है, संघर्ष का नहीं।

महावीर स्वामी उन विरलों में से थे जिन्होंने स्त्रियों को भी मोक्ष की पात्रता दी। उन्होंने स्त्रियों को श्रमणी यानी जैन साध्वी बनने की अनुमति दी और उन्हें भी आत्मोद्धार का समान अधिकार प्रदान किया। वे केवल मानवमात्र ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के प्रति करुणा रखते थे। उनके अनुयायी आज भी चींटी, पक्षी, पेड़-पौधों तक की रक्षा करते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि महावीर का दर्शन किसी सीमित जाति या वर्ग के लिए नहीं था। उन्होंने सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की बात की। वे जात-पात, ऊँच-नीच, धर्मों के विवाद से ऊपर उठकर 'जीव दया' और 'आत्मशुद्धि' की बात करते थे।

आज जब पूरी दुनिया हिंसा, युद्ध, प्रदूषण, असहिष्णुता और मानसिक तनाव की चपेट में है, ऐसे में महावीर के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। क्योंकि अहिंसा ही मौजूदा हिंसक वातावरण में शांति की राह दिखाती है।

यह पर्व न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि आत्मचिंतन और सुधार का अवसर भी है। भगवान महावीर का जीवन और उनका दर्शन आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उनका संदेश केवल धर्म का प्रचार नहीं करता, बल्कि जीवन को पूर्ण और शांतिपूर्ण बनाने की कला सिखाता है। उनका आदर्श यह है कि कोई भी जीव, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, उसकी भी स्वतंत्रता, जीवन और सम्मान है। उन्होंने बताया कि मोक्ष कोई चमत्कार नहीं है, बल्कि आत्म-शुद्धि और अनुशासन का परिणाम है। सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय का पालन करें तो न केवल हमारा जीवन सुधरेगा, बल्कि यह संसार भी एक शांतिपूर्ण और संतुलित जगह बन सकता है।

उन्होंने उपदेश के लिए प्राकृत भाषा का प्रयोग किया, जिससे आम जनता भी उनके विचारों को समझ सके। उनके अनुयायियों को ÷जैन÷ कहा जाता है, और जैन धर्म आज भी उनके सिद्धांतों पर आधारित है।

महावीर न केवल एक महान आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि एक सामाजिक सुधारक भी थे। उनका जीवन और शिक्षाएं आज के युग में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं, तो समाज में शांति, भाईचारा और नैतिकता का संचार हो सकता है। ÷जय महावीर, जय अहिंसा!

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## संक्षिप्त समाचार

### नाइटक्लब की गिरी छत, 66 लोगों की मौत, 160 लोग हुए घायल

**सैंटो डोमिंगो, (ए.)।** राजधानी सैंटो डोमिंगो के प्रसिद्ध नाइटक्लब जेट सेट में बड़ा हादसा हो गया है। इस नाइटक्लब में लाइव कॉन्सर्ट चल रहा था। इसी दौरान अचानक छत के गिरने से 66 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 160 लोग घायल हुए हैं। बता दें किजेट सेट नाइटक्लब को सैंट डोमिंगो का का एक प्रमुख सांस्कृतिक स्थल माना जाता है। इस दौरान कई हाई-प्रोफाइल गेस्ट्स भी मौजूद थे। उनमें राजनेता, खिलाड़ी और संगीत प्रेमी शामिल थे। नाइटक्लब की छत गिरने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में मारे गए लोगों में मोंटेक्रिस्टि प्रांत की गवर्नर नेल्सी क्रूज़ भी शामिल थीं, जो पूर्व मेजर लीग बेसबॉल ऑल-स्टार नेल्सन क्रूज़ की बहन थीं। फर्स्ट लेडी राक्केल अर्बाजे के अनुसार, नेल्सी क्रूज ने राष्ट्रपति लुइस अबिनाडेर को रात 12:49 बजे एक इमरजेंसी कॉल की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह मलबे के नीचे फंसी हुई हैं। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अर्बाजे ने कहा, ÷यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। उनकी आवाज में सिहरन थी। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू हो गए। मलबे में फंसे लोगों को निकाला गया। आपातकालीन संचालन केंद्र के निदेशक जुआन मैनुएल मेंडेज़ ने कहा, ÷हम मानते हैं कि उनमें से कई लोग अब भी जीवित हैं और यही वजह है कि यहां की स्थानीय सरकार तब तक हार नहीं मानेगी जब तक कि एक भी व्यक्ति मलबे के नीचे न रह जाए।हादसे के 12 घंटे बाद भी स्थिति काफी गंभीर बनी रही क्योंकि दमकलकर्मी मलबे से लोगों को बाहर निकालने के लिए लकड़ी की पट्टियों और ड्रिल का उपयोग कर रहे थे।

### ट्रम्प के सलाहकार ने टेस्ला को बताया असेंबल कार, मस्क बोले- वो तो बेवकूफ आदमी है

**वॉशिंगटन, (ए.)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीनियर ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने अपने बयान में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला की कार को असेंबल कार बताया। इस कंपनी सीईओ एलन मस्क भड़क गए और उन्होंने जवाब में उन्हे बेवकूफ आदमी कह दिया। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीनियर ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो को बेवकूफ बताया। नवारो ने एक इंटरव्यू कहा था कि मस्क की टेस्ला कंपनी कार निर्माता (मैन्युफैक्चरर) नहीं बल्कि कार असेंबलर है। नवारो ने कहा था कि टेस्ला ने बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और टायर बाहर से इंपोर्ट किए थे। मस्क सस्ते विदेशी पार्ट्स चाहते हैं। नवारो के मुताबिक विदेशों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से ये सभी पार्ट्स महंगे हो जाएंगे।

### 3 जून को चुना जाएगा दक्षिण कोरिया का राष्ट्रपति

**सोल, (ए.)।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने औपचारिक रूप से ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव 3 जून को होगा। संवैधानिक न्यायालय के फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों का पंजीकरण शुरू कर दिया था। चुनाव के तुरंत बाद नए राष्ट्रपति बिना किसी ट्रांजिशन टीम के पदभार ग्रहण करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

# नई रिसर्च ने किया पृथ्वी के रहस्य से पर्दा हटाने का प्रयास



**सिडनी, (ए.)।** नई रिसर्च ने पृथ्वी के एक रहस्य से पर्दा हटाने का प्रयास किया है, जो हमारे ग्रह के 4.5 अरब साल पुराने इतिहास पर नई दृष्टि प्रदान करता है। पृथ्वी की आरंभिक अवस्था को लेकर वैज्ञानिक समुदाय के भीतर लंबे समय से बहस जारी रही है। वैज्ञानिकों के लिए पृथ्वी हमेशा से एक रहस्य रही है। खासतौर पर, इसकी सतह पर होने वाली जटिल प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया, जिसने न केवल महाद्वीपों को आकार दिया बल्कि संभवतः जीवन के विकास में भी अहम भूमिका निभाई। पृथ्वी पर जीवन का अद्वितीय और चमत्कारी नाटक सदियों से चल रहा है। कुछ विशेषज्ञों का मानना रहा है कि उस समय पृथ्वी की सतह स्थिर थी, ठीक वैसे ही जैसे मंगल ग्रह की है, जबकि अन्य का तर्क था कि प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया प्रारंभिक काल में रुक-रुक कर सक्रिय होती रही।

प्लेट टेक्टोनिक्स पृथ्वी के भीतरी भाग से गर्मी के उत्सर्जन, महासागरों की रचना और कार्बन चक्र जैसे अहम पहलुओं से जुड़ी है, इसलिए इसे पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और विकास से जोड़कर देखा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, टेक्टोनिक प्लेटों की आपसी टकराहट से ज्वालामुखी गतिविधियां होती हैं और इनसे जुड़े द्वीपों, विशेषकर रिंग ऑफ फायर जैसे क्षेत्रों, में एक खास रासायनिक पहचान दिखाई देती है। इसे ही रासायनिक फिंगरप्रिंट कहा जाता है।

अब तक यह माना जाता रहा था कि इस फिंगरप्रिंट की मौजूदगी से प्लेट टेक्टोनिक्स की शुरुआत की पहचान की जा सकती है, लेकिन प्राचीन चट्टानों की अनुपलब्धता और प्रक्रिया की जटिलता ने यह तय करना मुश्किल बना दिया था। हाल ही में, वैज्ञानिकों की एक टीम ने 2024 की शुरुआत में एक नया दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने गणितीय मॉडल के माध्यम से पृथ्वी के शुरूआती मेंटल के पिघलने और रासायनिक तत्वों के व्यवहार का विश्लेषण किया। इस अध्ययन ने हैरान कर देने वाले निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

उन्होंने पाया कि पृथ्वी की प्रारंभिक सतह, जिसे प्रोटोक्रस्ट कहा जाता है, उसकी रासायनिक बनावट आज के महाद्वीपीय सतह जैसी थी। इसका सीधा अर्थ है कि जिस रासायनिक फिंगरप्रिंट को अब तक प्लेट टेक्टोनिक्स की शुरुआत से जोड़ा जाता था, वह वास्तव में पहले से ही मौजूद था और उससे प्लेट टेक्टोनिक्स की शुरुआत का निर्धारण करना संभव नहीं है। यह खोज पृथ्वी के प्रारंभिक इतिहास को समझने के हमारे नजरिए को बदल देती है। अब वैज्ञानिकों को नए सिरे से यह जांचना होगा कि पृथ्वी की

## अमेरिकी टैरिफ के जवाब में चीन ने बनाई अपनी रणनीति, कहा- कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**बीजिंग, (ए.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर लगाए गए 104 प्रतिशत टैरिफ ने वैश्विक व्यापार जगत में भूचाल ला दिया है। चीन के पीएम ली कियांग ने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों की रक्षा करेंगे। प्रोटेक्शनिज़्म कहीं नहीं ले जाता, खुलापन और सहयोग ही सही रास्ता है। चीन के दो प्रभावशाली ब्लॉगर्स ने संकेत दिया है कि बीजिंग जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा है। उनके मुताबिक़ चीन जिन उपायों पर विचार कर रहा है उनमें अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारी शुल्क और हॉलीवुड फिल्मों पर बैन शामिल है। इन सुझावों को सरकार समर्थित रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने स्पष्ट किया कि चीन के पास पर्याप्त नीति विकल्प हैं जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को पूरी तरह बेअसर कर सकते हैं। ली कियांग ने ट्रंप के टैरिफ अटैक वाले फैसले को एकतरफा और संरक्षणवादी करार दिया है, वहीं जवाबी कदमों की तैयारी भी तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक बीजिंग अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारी शुल्क, हॉलीवुड फिल्मों पर प्रतिबंध और अन्य प्रौद्योगिकीय कंपनियों पर नियंत्रण जैसे विकल्पों पर विचार कर रहा है। ली कियांग ने स्पष्ट किया कि चीन के पास पर्याप्त नीति विकल्प हैं जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को पूरी तरह बेअसर कर सकते हैं। मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बातचीत में ली कियांग ने कहा कि चीन की नीतियों में 2025 की सभी वैश्विक अनिश्चितताओं को पहले ही शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, हम देश की आर्थिक वृद्धि को मजबूत और टिकाऊ बनाए रखने को लेकर पूरी

# विशाल ब्लैक होल को तारों को निगलते हुए कैमरे में कैद किया

**वाशिंगटन, (ए.)।** पहली बार वैज्ञानिकों ने एक विशाल ब्लैक होल को तारों, गैस और धूल को निगलते हुए कैमरे में कैद किया है। इसके अलावा अंतरिक्ष में शक्तिशाली जेट्स और गैलेक्टिक विंड्स के रूप में उगलते हुए भी कैद किया है। यह दृश्य यूरोपियन साउदर्न ऑब्जर्वेटरी (ईएसओ) के वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) ने चिली के अटाकामा रेगिस्तान से रिकॉर्ड किया है। यह ब्लैक होल एनजीओ 4945 नामक एक स्पाइरल गैलेक्सी के केंद्र में स्थित है, जो पृथ्वी से करीब 12 मिलियन प्रकाश-वर्ष दूर है। ईएसओ के वैज्ञानिकों के अनुसार, यह ब्लैक होल अपने आसपास की गैस और धूल को निगलने के साथ-साथ अत्यधिक ऊर्जा वाले जेट्स और तेज़ हवाएं छोड़ रहा है, जो प्रकाश की गति के करीब की रफ्तार से अंतरिक्ष में फैल रही हैं। इन गैलेक्टिक विंड्स के कारण गैलेक्सी की गैस और धूल अंतरिक्ष में बिखर रही है, जिससे नए तारों के निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो



सकती है। वैज्ञानिकों के लिए यह पहली बार है जब किसी ब्लैक होल को इतनी तेज़ गति से पदार्थ बाहर फेंकते हुए देखा गया है। आमतौर पर ब्लैक होल्स को हर चीज़ को निगलने वाले राक्षस के रूप में देखा जाता है, लेकिन एनजीसी 4945 का यह ब्लैक होल अपने व्यवहार के कारण खुद की वृद्धि को ही बाधित कर रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, यह इतनी तेज़ी से पदार्थ बाहर फेंक रहा है कि अपने लिए आवश्यक गैस और धूल के स्रोत को भी समाप्त कर सकता है, जिससे इसकी शक्ति धीरे-धीरे कम हो सकती है। ईएसओ के एमयूएसई (मल्टी यूनिट स्पेक्ट्रोस्कोप एक्सप्लोलर) इंस्ट्रूमेंट ने इस गैलेक्सी की 3डी इमेज तैयार की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ब्लैक होल से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में किस तरह फैल रही है।

हमारी गैलेक्सी, मिल्की वे, के केंद्र में मौजूद ब्लैक होल सैजिटेरियस ए अपेक्षाकृत शांत है और इतनी तेज़ गैलेक्टिक विंड्स उत्पन्न नहीं करता। यह नई खोज वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद कर सकती है कि कैसे कुछ ब्लैक होल्स केवल निगलने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि गैलेक्सी के विकास को भी प्रभावित करते हैं।

### इजराइली सेना ने पत्रकारों के टेंट को बनाया निशाना, दो पत्रकारों की मौत, 8 घायल

**गाजा, (ए.)।** दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजराइल के हवाई हमले में एक फिलिस्तीनी पत्रकार की मौत हो गई। इस हमले में कुल दो पत्रकार मारे गए, जबकि 8 घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मीडिया रिपोर्टर में हमले के बाद पत्रकार मंसूर आग की लपटों के बीच छटपटाते नजर आए। लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे और उनकी मौत हो गई। इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने पत्रकार हसन एल्स्लेयेह को निशाना बनाया था। हसन एल्स्लेयेह पर आरोप है कि वह 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमलों में शामिल था। हमले में एल्स्लेयेह घायल हो गया था। इजराइल का सपोर्ट करने वाली एक संस्था ने 2023 में हमास नेता याह्या सिनवार के साथ एल्स्लेयेह की एक तस्वीर छापी थी। इसके बाद उससे सभी कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर लिए थे।

## खेल/व्यापार

# द्रविड़ को नहीं पसंद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम

### ऑलराउंडरों की कमी होगी

**मुम्बई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड ने आईपीएल में 'इम्पैक्ट

प्लेयर' नियम को लेकर सवाल उठाये हैं। द्रविड़ के अनुसार जब वह भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच थे तभी से उन्हें आईपीएल में 'इम्पैक्ट प्लेयर' अच्छा नहीं लगता है। द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने इस नियम के लाभ की बात सुनी है पर इससे आने वाले समय में अच्छे ऑलराउंडरों की कमी हो जाएगी। द्रविड़ से पहले भी कई दिग्गजों ने इस नीयम की आलोचना की थी। इम्पैक्ट प्लेयर नियम आईपीएल 2023 में पेश किया गया था। इसके बाद से ही ऑलराउंडरों की जगह विशेषज्ञ खिलाड़ी की मांग बढ़ने लगी। द्रविड़ ने कहा, ÷जब मैं भारतीय टीम का कोच था, मुझे मुझे इम्पैक्ट प्लेयर नियम खास पसंद नहीं था। इसका ये अर्थ नहीं है कि यह खेल को अधिक प्रतिस्पर्धी नहीं बनाता। यह निश्चित रूप से बनाता है। यह मैचों को अंत तक जीवंत बनाये रखता है हालांकि राष्ट्रीय टीम के हिसाब से ये अलग प्रकार की परेशानी पैदा करता है।÷ वहीं एक कोच का लक्ष्य बेहतर ऑलरांउडर तैयार करना रहता है पर ये नियम उसमें आड़े आता है। उन्होंने साथ ही कहा कि पहले जब दोनों टीम के 11 खिलाड़ी खेलते थे तो उस प्रारुप में कुछ खिलाड़ियों को अलग अलग हालातों में बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का ज्यादा अवसर मिलता था पर इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने इसमें बदलाव किया है। इस नियम के कारण टूर्नामेंट में बड़े बड़े स्कोर देखने को मिल रहे हैं। कई टीमें 200 से अधिक रन बना रही हैं। इसी कारण आईपीएल इतिहास के बड़े स्कोर देखने में आये हैं। इसका कारण है कि टीमों के पास एक अतिरिक्स विशेषज्ञ बल्लेबाज होता है। इसका मतलब है कि कोई भी टीम वास्तव में खेल से बाहर नहीं होती क्योंकि उसके पास नौवें नंबर तक एक बल्लेबाज रहता है।÷ इससे पहले कई अन्य पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों ने भी इस नियम की आलोचना करते हुए कहा था कि इससे ऑलराउंडरों के लिए टीम में जगह हासिल करने के अवसर कम होंगे।

# श्रेयस, रविंद्र और डफी आईसीसी के मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ अवार्ड की दौड़ में शामिल

**दुबई, (ए.)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और जैकब डफी के साथ मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर पुरस्कार के लिये नामांकित किया है। श्रेयस का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से शानदार रहा है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उसमें अय्यर ने पांच मैचों में दो अर्धशतकों की सहायता से 243 रन बनाये थे।

आईसीसी ने कहा , ''इस बल्लेबाज ने तीन एकदिवसीय में 57.33 की औसत से 172 रन बनाये और टूर्नामेंट में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये। भारतीय टीम की खिताबी जीत में भी श्रेयस की अहम भूमिका रही। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में 79 रन बनाये और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 45 रन बनाये। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 48 रन भी बनाये।'' विश्व क्रिकेट की शीर्ष संस्था के अनुसार श्रेयस की

पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने और साझेदारियां बनाने की क्षमता काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। वहीं न्यूजीलैंड के रचिन ने कीवी टीम की ओर से चार मैचों में दो शतक सहित 263 रन बनाये और तीन विकेट भी लिये जबकि डफी ने मार्च में 6.17 की इकॉनामी रेट से 13 लिए। वहीं महिला क्रिकेट की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड, अमेरिका की चेतना प्रसाद और ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शामिल हैं।

### भारत एक मजबूत टीम, इसका दबदबा विश्व क्रिकेट पर बना रहेगा- हेड

**नई दिल्ली, (ए.)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज़ ट्रैविस हेड ने भारत को मौजूदा समय की सबसे मजबूत टीम बताया है। उन्होंने माना कि आने वाले सालों में भी भारत का दबदबा विश्व क्रिकेट पर बना रहेगा। हेड ने पिछले कुछ सालों में भारत के खिलाफ कई अहम मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया है। 2023 में भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्होंने शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलवाया था। इन प्रदर्शन के बावजूद ट्रैविस हेड ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की। हेड ने कहा कि भारत हमेशा से एक मजबूत टीम रही है और आगे भी उसका वर्चस्व कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल तक पहुंचता है और यह रुकने वाला नहीं है। उन्होंने माना कि भारत जैसी टीम का सामना करना हमेशा बड़ी चुनौती रही है। हेड ने बताया कि पिछले चार आईसीसी टूर्नामेंट्स में ऑस्ट्रेलिया का दो बार फाइनल में भारत से सामना हुआ, जिसमें उनका पलड़ा भारी रहा, लेकिन भारत ने पिछले दो इवेंट्स में बाजी मारी। ट्रैविस हेड ने भारतीय टीम पर हमेशा बने रहने वाले दबाव का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत की टीम पर हर समय उम्मीदों का बोझ रहता है। यह उनके लिए अच्छा भी हो सकता है और नुकसानदायक भी।

# सोने और चांदी में उछाल

**नई दिल्ली, (ए.)।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में उछाल आया। इन दोनो की ही वायदा कीमतों में तेजी रही। सोने के वायदा भाव 88,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 89,000 रुपये के करीब बने हुए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी के भाव बुधवार में सुबह मजबूती आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध बुधवार को 350 रुपये की बढ़त के साथ 87,998 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 87,648 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 669 रुपये की बढ़त के साथ 88,317 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 88,396 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 87,998 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस महीने 91,423 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे थे।

इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की

शुरुआत भी बढ़त पर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध बुधवार को 261 रुपये की बढ़त के साथ ही 89,005 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 88,744 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 322 रुपये की तेजी के साथ 89,066 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,066 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,877 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू हासिल किया। चांदी के वायदा भाव इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,998.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,990.20 डॉलर प्रति औंस था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.78 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.68 डॉलर था।

# आरबीआई ने दी बड़ी सौगात- घट जाएगी ईएमआई, एक बार फिर सस्ता हुआ घर और कार का लोन

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने एक बार फिर आम जनता को सौगात दी है। इसका सर्वाधिक फायदा उन लोगों को मिलेगा जिन्होंने घर या कार के लिए कर्ज लिया हुआ है। उनकी ईएमआई भी घट सकती है। इसके अलावा नया लोन लेने जा रहे लोगों को भी इसका फायदा होगा। ये सब इसलिए संभव हुआ है कि आरबीआई ने रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया है। पहले ये 6.25 प्रतिशत थी। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। वहीं आपकी ईएमआई भी घटेगी। नए वित्त वर्ष में आरबीआई की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक कुछ ऐसे फैसले हुए हैं जिनका परिणाम राहत के तौर पर आम जनता को मिलेगा। बैठक में फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा आज बुधवार को दी। ये मीटिंग 7 अप्रैल को शुरू हुई थी। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी मीटिंग में आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। वहीं ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

**रेपो रेट से लोन कैसे सस्ता होता है?**

आरबीआई जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों के लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी, बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।

**आरबीआई का महंगाई पर अनुमान**

आरबीआई के अनुमान की बात करें तो मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई 4.8 फीसदी रहने का अनुमान है। वैसे चौथी ?तिमाही के महंगाई में 10 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया गया है जिसे पिछले के 4.4 फीसदी से बढ़ाकर 4.5 फीसदी कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2026 में महंगाई 4.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है, जबकि पहली तिमाही में 4.6 फीसदी रह सकती है। इससे पहले इसमें 4.5 फीसदी का रहने अनुमान जताया जा रहा था। दूसरी तिमाही में 4 फीसदी, तीसरी तिमाही में 3.8 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया जा रहा है।

**जीडीपी ग्रोथ का अनुमान**

फरवरी महीने की मीटिंग में आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2026 के लिए देश की ग्रोथ का अनुमान बढ़ाते हुए 7 फीसदी से कम यानी 6.75 फीसदी कर दिया था।

# जनप्रतिनिधि के रूप में सिंधिया ने इलाके में लगाई विकास की झड़ी, जनता ने पलक पांवड़े बिछाकर किया उनका स्वागत

## अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत सिंधिया भावुक हुए, बोले- शरीर की आखिरी सांस तक आपके साथ रहूंगा

**शिवपुरी ब्यूरो।** सांसद के रूप में अपने एक साल के कार्यकाल में गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इलाके में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। जनसमस्याओं का कोई भी क्षेत्र उनसे अछूता नहीं रहा हो जिसमें ग्वालियर नरेश ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूरी हार्दिकता और तन्मयता के साथ उसके निदान का प्रयास ना किया हो। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए शिवपुरी के समाजसेवियों, व्यापारिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने सिंधिया के शिवपुरी आगमन पर उनका अभूतपूर्व और आतिशी स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली उनकी भव्य शोभायात्रा में सिंधिया का अभिनंदन करने के लिए देर रात्रि के बाद भी जनसमूह उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के पश्चात नक्षत्र गार्डन में समाजसेवी लवलेश जैन चीनू के संयोजकत्व में शानदार स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें केन्द्रीय मंत्री सिंधिया जनता की प्रतिक्रिया देखकर इतने भावुक हुए कि वह मंच से बोल उठे कि मैं अपने जीवन की आखिरी सांस तक आपके सुख-दुख में आपके साथ रहूंगा। यहां तक कि श्री सिंधिया ने कहा कि जिस तरह से ग्रामों में कोटवार गांव की सुरक्षा व्यवस्था करता है ठीक उसी तरह मैं भी आपका कोटवार हूं और सिंधिया परिवार का जिन-जिन क्षेत्रों का दिल से रिश्ता है उन्होंने नाम गिनाते हुए कहा कि चाहे शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, दतिया, श्योपुर या मालवा हो, मैं उनके विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा। सम्मान समारोह की खास बात यह रही कि जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, विधायक देवेन्द्र जैन, महेन्द्र यादव और प्रीतम लोधी के अलावा मंच पर कोई अन्य राजनेता या भाजपा पदाधिकारी मौजूद नहीं था। जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने मंच से कड़े लहजे में अनुशासन की दुहाई देते हुए भाजपा नेताओं से कहा कि वह सबसे आखिर में पड़े सोफों पर विराजमान रहें तथा आम जनता, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों को सिंधिया जी से मिलने दें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एक-एक समाजसेवी संगठन की टेबिल पर जाकर खुद व्यक्तिगत रूप से उनसे मिले और शिवपुरी के विकास के लिए उनकी भावनाओं को जाना। यहां भी सिंधिया का समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया। मंच पर विधायक देवेन्द्र जैन ने श्री सिंधिया को चांदी का मुकुट पहनाया और कार्यक्रम के संयोजक लवलेश जैन तथा उनकी टीम ने सिंधिया का बड़ी माला पहनाकर आतिशबाजी की गूंज के साथ जोरदार स्वागत किया।

### सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, विश्व स्तर पर शिवपुरी की पहचान बनाना मेरा लक्ष्य : सिंधिया

अभिनंदन समारोह में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी से अपने भावनात्मक लगाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक जमाना था जब शिवपुरी के जंगलों में बाघ ही बाघ थे, लेकिन धीरे-धीरे सारे के सारे बाघ विलोपित हो गए। यह मेरे लिए गहन चिंता का विषय था इसलिए मैंने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से अनुरोध कर शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाने की मांग की जिस पर उनका कहना था कि माधव नेशनल पार्क शहर के नजदीक है और शेर कभी भी किसी भी घर में घुसकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस पर मैंने उनसे टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 14 किमी लम्बी और 12 फीट ऊंची दीवार बनाने का अनुरोध किया जिसकी लागत लगभग 20 करोड़ रूपए है और मैं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र जी का धन्यवाद अदा करता हूं कि उन्होंने मेरी मांग को सदास्यतापूर्वक स्वीकार किया। आज टाइगर रिजर्व में 5 टाइगर और 3 शावक सहित 8 टाइगर हैं। इससे शिवपुरी की पहचान न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि विश्व स्तर पर भी बनेगी, जो कि मेरा लक्ष्य है।

संख्या सागर झील में जलकुंभी के कारण पानी दिलाई नहीं देता था। इस समस्या को पहचान कर मैंने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से जलकुंभी की सफाई के लिए 2 करोड़ रूपए की मशीनें मंगवाई जिससे अभी तक 40 प्रतिशत जलकुंभी साफ हो चुकी है तथा शीघ्र ही शेष जलकुंभी भी समाप्त हो जाएगी। श्री सिंधिया ने इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। श्री सिंधिया ने बताया कि सांसद बनने के बाद मैंने विधायक देवेन्द्र जैन और पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे कि शिवपुरी का निर्माण कैसा होना चाहिए और इसके बाद मैंने योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्य को पूर्णता दिलाने के लिए दिल से प्रयास शुरू कर दिए हैं। श्री सिंधिया ने खुशी जाहिर की कि मेडिकल कॉलेज में आगामी माह की 10 तारीख को मेडिकल ग्रेज्युएट का पहला बेच निकलकर आएगा जो देश और विश्व को समर्पित होगा। श्री सिंधिया ने उन्हें जीवनदाता निरुपित किया और कहा कि मेडिकल कॉलेज की जीवंतता जीवनदाताओं से ही है। श्री सिंधिया ने मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ एनटीपीसी इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक में 80 करोड़ रूपए के घोटाले के बाद भी मेरे किसान भाई और बैंक उपभोक्ता परेशान थे। उनकी गाढ़े पसीने की कमाई बैंक से निकल नहीं पा रही थी इस पर मैंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से अनुरोध कर सहकारी बैंक को 50 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई। शिवपुरी में पानी की लाइन के लिए भी मैं सतत प्रयत्नशील रहा और बदरवास में शीघ्र ही जॉकेट बनाने का कारखाना खुलेगा जिसमें महिलाओं को रोजगार मिलेगा और मेरे बदरवास की जॉकेट देश और विदेश में पहुंचकर वहां पहनी जाएंगी। शिवपुरी में एयरपोर्ट भी शीघ्र ही बनेगा, इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने 300 एकड़ भूमि स्वीकृत की है और नागरिक विमान मंत्रालय ने 50 करोड़ रूपए की राशि एयरपोर्ट बनाने के लिए उपलब्ध कराई है। प्रारंभिक चरण में यहां से छोटे शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू होगी और इसका किराया कम रहे, मैं इसका भी ध्यान रखूंगा। श्री सिंधिया ने कहा कि शीघ्र ही शिवपुरी में एक बड़ा उद्योग खोला जाएगा। श्री सिंधिया ने कहा कि मैं आपके जीवन में थोड़ा सा भी स्थान पाता हूं तो मैं अपने जीवन का धन्य मानूंगा, क्योंकि मेरा आपका राजनैतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक संबंध है।

### स्वागत भाषण में गिनाई गई सिंधिया की उपलब्धियां

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सम्मान में आयोजित समारोह में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के संयोजक लवलेश जैन चीनू ने शिवपुरी के विकास में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की एक-एक उपलब्धियों का बखान किया और उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत गौरव की बात है कि हमारे सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं जो कि विकास के मसीहा हैं। उनके हृदय में आमजन के प्रति पीड़ा है और राजनैतिक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के नाते उनका जुड़ाव क्षेत्र से रहता है।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया और स्व. माधवराव सिंधिया के पदचिन्हों पर चलकर वह राजनीति नहीं, बल्कि समाजसेवा के कार्य में पूरे तन-मन-धन से जुटे हैं। इस अवसर पर लवलेश जैन चीनू ने सिंधिया के विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जिसे कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों की भरपूर सराहना मिली। समारोह में विधायक देवेन्द्र जैन ने भी श्री सिंधिया का गुणगान किया और कार्यक्रम का सुंदर संचालन संजीव बांझल ने किया।

# कोलारस, बदरवास क्षेत्र का कोटवार हूं, सदैव जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है : केंद्रीय मंत्री सिंधिया

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बदरवास में लगभग 40 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बदरवास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और कोलारस, बदरवास की जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं कोलारस बदरवास क्षेत्र का कोटवार हूं और सदैव जनता की सुरक्षा की मेरी जिम्मेदारी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं और मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी इस क्षेत्र के लिए जीवन रेखा है, जो अब 5 दिन नहीं बल्कि सप्ताह के 7 दिनों इसकी सेवा मिलेगी। माधव नेशनल पार्क अब टाइगर रिजर्व बन गया है यहां आठ टाइगर हो गए हैं। अब पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार भी बढ़ेगा।इसके अलावा कोलारस, शिवपुरी क्षेत्र की एक ज्वलंत समस्या थी, जिसमें सहकारी बैंक में जो 80 करोड़ का गबन किया गया था जिससे किसान और व्यापारी सब परेशान थे। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी यह समस्या मेरे संज्ञान में लाई गई और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 50 करोड रुपए की राशि की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी, जो 16000 करोड़ की परियोजना है जिससे शिवपुरी जिला भी लाभान्वित होगा। चंबल पार्वती लिंक परियोजना और केन बेतवा लिंक परियोजना, इन दोनों परियोजना से शिवपुरी जिले को लाभ होगा और लगभग डेढ़ लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। यह एक तरह से केवल पानी से संबंधित योजना नहीं है, बल्कि किसानों के लिए जीवनधारा है। उन्होंने बदरवास के जैकेट उद्योग के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि पहले छोटे-छोटे क्लस्टर के रूप में काम होता था लेकिन अब यहां बड़े स्तर पर उद्योग लगाया जाएगा। अब लगभग 1000 दीदियों को रोजगार मिलेगा, जिससे हमारी महिलाएं सशक्त होंगी तो पूरा परिवार मजबूत होगा। शिवपुरी में डॉक्टर की भी कमी थी लेकिन मेडिकल कॉलेज भी यहां बनकर तैयार हुआ। पहले लोगों को इलाज के लिए ग्वालियर जाना होता था परंतु अब यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। शिवपुरी से ही अब डॉक्टर निकलेंगे, जो अलग अलग जगहों पर अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अब शिवपुरी में बेहतर सुविधाएं विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि अभी मेरे क्षेत्र के लिए विकास का सफर शुरू हुआ है विकास का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक सुरेश राठखेड़ा, ओमप्रकाश खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया शिवपुरी के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। न केवल शिवपुरी बल्कि अपने लोकसभा क्षेत्र शिवपुरी गुना अशोकनगर में लगातार सक्रिय हैं। एक साल में कई सौगात दी हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयास से सहकारी बैंक को 50 करोड रुपए की राशि की मिली है। ग्वालियर से भोपाल के लिए ट्रेन की मंजूरी दिलाई है। केन बेतवा नदी परियोजना की सौगात दी गई है।

### इन कार्यों का हुआ लोकार्पण, भूमिपूजन

नगर परिषद बदरवास में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 381 लाख की लागत से निर्मित एसटीपी प्लाट एवं नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 51 लाख लागत से निर्मित कायाकल्प अभियान अंतर्गत 2.0 रिजौदी मार्ग पर डामरीकरण एवं लिटिल फलोवर स्कूल पर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 185.12 लाख लागत से निर्मित पीएम जनमन योजना अंतर्गत कोलारस में कनावदा से बबूका सड़क का भूमिपूजन, 131.53 लाख लागत से बदरवास में टी-10 से गरक हुसैनी सड़क, 623.93 लाख लागत से बेहगा रोड से भैंसदा वाया अजलपुर सड़क कार्य का भूमिपूजन किया। 260 लाख लागत से बदरवास में बुडाडोंगर में 100 सीटर केजीबीपी टाइप-3 छात्रावास भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जनपद पंचायत कोलारस में 25-25 लाख की लागत से ग्राम कूड़ाराई ग्राम पंचायत मकरारा, ग्राम खरई, भादरौन ग्राम पंचायत किशनपुर, ग्राम पचावली, ग्राम चन्देनी, ग्राम रूहानी और चिलौलाधाम ग्राम पंचायत कुम्हरौआ में सामुदायिक भवन और 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण साखनौर का भूमिपूजन किया। जनपद पंचायत बदरवास में ग्राम पगारा, कुटवारा, माधोनगर, श्रीपुरचक, रामगढ़, अकोदा में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य विभाग का 159 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य कार्य का भूमिपूजन किया। बदरवास से किरौला-नैनागिर-सनवाड़ा मार्ग के कि.मी.34/10 में 1013.56 लाख की लागत से निर्मित कूनो नदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण, 472 लाख की लागत से आर.डी.एस.एस अंतर्गत विद्युत विभाग बदरवास में नवीन 33/11 केवी. उपकेन्द्र टीलाकला कार्य का लोकार्पण एवं एस.एस.टी.डी. अंतर्गत 242 लाख लागत से विद्युत विभाग बदरवास में नवीन 33/11 केवी. उपकेन्द्र कुटवारा कार्य का लोकार्पण किया।

# पोषण रैली व संवाद का हुआ आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे पोषण पखवाड़े में धौलपुर में पोषण रैली व संवाद का आयोजन किया गया। रैली को सीडीपीओ कार्यालय से विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिला कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम स्तर तक पोषण और स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। अब आवश्यकता इस बात की है हम गृह भ्रमण के दौरान जन जन तक पोषण अभियान के सन्देश को ले जाएं। साथ ही उक्त पखवाड़े के दौरान बच्चों की ठीक प्रकार से वजन व ऊंचाई लेकर पोषण ट्रेकर पर सही प्रविष्टि करें। प्रत्येक माता और बच्चे को विभागीय सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करें। विभाग के सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने पोषण पखवाड़े की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शहर क्षेत्र की आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं द्वारा सीडीपीओ कार्यालय में पोषण रंगोली बनाई। कार्यक्रम में विभाग की महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा, अंकुर शर्मा, नरेंद्र मीना, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विजय निर्वाण व शहरी क्षेत्र की कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

# गर्मी में आमजन बरतें एहतियात

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**धौलपुर ब्यूरो।** भीषण गर्मी में लू-तापघात की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन के लिए गर्मी से बचाव की एडवायजरी जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि जिले सहित प्रदेश भर में भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य की दृष्टि से लू-तापघात से बचाव के लिए एहतियात बरतें। प्रदेश में बढ़ रही गर्मी के चलते आमजन को विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत है उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखें एवं उपचार उपलब्ध करवाएं।

**यह है लक्षण-**

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगाना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि लू-तापघात के लक्षण दिखाई देने पर रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दें। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

**जरूरी है सावधानी-**

उन्होंने आमजन से भीषण गर्मी के चलते अहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक सम्भव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें। लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

# श्री बाबा श्याम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी गठित

**शिवपुरी ब्यूरो।** श्री बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा मंगलवार को त्रिवेणी गार्डन में नवीन जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान कर नियुक्ति पत्र दिए गए। जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा सहमति पर घोषित की। इस अवसर पर नवीन जिला कर समिति सदस्यों का सम्मान कर नियुक्ति पत्र दिए गए। सम्मान कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, विभा रघुवंशी, प्रदेश का समिति सदस्य धैर्यवर्धन शर्मा, पारस जैन, संजीव बिलगाईयां, गजेंद्र यादव, शोभा पुरोहित, शशि शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ऐंचवाड़ा, जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला सुआटोर, दीपा बंसल, शुभ्रा शर्मा मौजूद रहे। नवीन जिला कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में जिला महासचिव पद पर विकास दंडौतिया, उत्कर्ष शुक्ला, गणेश कोठारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश रावत, सोनू यादव, धनीराम रावत, राहुल शुक्ला, विशाल यादव, सुरेंद्र डिगर्रा, वीरेंद्र रावत, जिला महामंत्री मथुरा प्रजापति, सुनील शर्मा, चंद्रशेखर भार्गव, जिला संगठन सचिव पद पर सोनू शर्मा, अरविंद धाकड़, बीरबल यादव, अनुभव श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष आशीष खैमरिया, प्रकोष्ठ अध्यक्ष नितिन शर्मा, पदम सोनी, मनोज जैन, जिला संगठन प्रभारी भूपेंद्र सिंघल, जिला समिति प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष बल्लू यादव, युवा उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, संगठन प्रभारी अनुराग कटारे, जिला सचिव गिर्राज शर्मा, युवा समिति अध्यक्ष जसवंत भार्गव, संगठन मंत्री इंद्रसेन भार्गव, युवा महासचिव अंतरिक्ष शर्मा, युवा संगठन मंत्री संजय कुशवाहा, सौरभ शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, पंकज कोठारी को नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर ने गर्मी के चलते बदला स्कूलों का समय, सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक चलेंगी कक्षाएं

शिवपुरी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए बुधवार से स्कूलों का समय बदला गया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मंगलवार को स्कूलों के समय परिवर्तन का आदेश जारी किया है। जिले में लगातार बढ़ते तापमान से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है। जिसे देखते हुए सभी सरकारी, प्राइवेट, नवोदय और सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 1 से 12वीं तक की क्लासें अब सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक लगेंगी। वहीं कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन स्कूलों में कक्षाएं दो पालियों में लगती हैं वहां का समय नहीं बदलेगा। परीक्षाएं और मूल्यांकन कार्य भी पहले की तरह ही निर्धारित समय पर होंगे। प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधन को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है। इससे बच्चों को गर्मी से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकेगा।

# भरतपुर में 80 फीट रोड से अतिक्रमण हटाए:घरों के बाहर बने चबूतरों को तोड़ा

**भरतपुर।** भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी(BDA) के द्वारा गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जिन मकान मालिकों ने सड़क पर चबूतरे बनाये हुए थे। उन्हें तोड़ा गया। साथ ही सड़क के किनारे कुछ लोगों ने पेड़ लगाए हुए थे। उन्हें भी हटाया गया। यह कार्रवाई जवाहर नगर स्थित कब्रिस्तान के सामने वाले 80 फीट रोड़ पर की गई। भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के कमिश्नर प्रतीक जुईकर ने बताया कि जवाहर नगर से सर्कुलर रोड़ को मिलाने वाली रोड़ पर वह रोड़ मास्टर प्लान में 80 फीट दर्ज है। वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिससे वह रोड सिर्फ 20 फीट रह गई है। मास्टर प्लान को देखते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रूप से करने के लिए सभी रोड़ का मास्टर प्लान के तहत अतिक्रमण को हटाया गया है।

**मकानों के आगे के चबूतरे और पेड़ों को हटाया गया**

सभी अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस दिए गए थे। नोटिस की समय अवधि ख़त्म होने के बाद आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। SDM को कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। BDA द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। लोगों ने घरों से चबूतरे बनाये हुए थे। उन्हें तोड़ा गया। साथ ही लोगों ने सड़क के किनारे पेड़ लगाए हुए थे। उन्हें भी हटाया गया।

# भरतपुर में 36 और डीग में 32 नई ग्राम-पंचायतें बनेंगी-परिसीमन को लेकर ग्रामीण विरोध में उतरे

**भरतपुर।** भरतपुर और डीग में पंचायतों का परिसीमन के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसको लेकर प्रशासन ने आपत्ति भी मांगी है। सबसे पहले ग्राम पंचायत के परिसीमन को लेकर डीग जिले के कामां में विरोध देखा जा रहा है। जिसको लेकर आज ग्रामीणों सष्ठरूको ज्ञापन सौंपा है। साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है। सोहन लाल ने बताया कि नगला हरसुख और नगला हरनारायण यह दोनों गांव परिसीमन के तहत नंदौला पंचायत में लिए गए हैं। यह दोनों गांव कनवाड़ा पंचायत में सिलेक्ट हैं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं0: 2025-अप्रैल-01** **दिनांक: 07.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.: 1** | **निविदा सं.:** 2025-अप्रैल-01-01 | **अनुमानित लागत रु.:** 19748785.76 |

**कार्य का विवरण:** यमुना ब्रिज याई में वर्षा के जल की निकासी हेतु मिट्टी, मलबा हटाने तथा रिटेनिंग दीवार के साथ आर.सी.सी. नाली का प्रावधान।

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.: 2** | **निविदा सं.:** 2025-अप्रैल-01-02 | **अनुमानित लागत रु.:** 5602307.65 |

**कार्य का विवरण:** सहा0 मंडल इंजी0 (मुख्यालय)/आगरा के अधीन वरि0 खंड इंजी0/कार्य/ईदगाह के अधिकार क्षेत्र में 02 वर्ष के लिए विभिन्न पंपों पर पानी का क्लोरीनीकरण का कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक **29.04.2025** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **632/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**वास्ते प्रकाशन**

**समन वास्ते करार बाद अमूर तनकीह तलवी आर्डर 5 कायदा 1 व 5**

**न्यायालय अपर सिविल जज (प्रवर खण्ड) कक्ष सं. 3 आगरा ।**

**वाद संख्या 437 सन् 1993**

**श्रीमती प्रेमवती पत्नी श्री बालकिशन निवासी 39/78 कारवान,तोता का ताल, लोहामण्डी, आगरा।**

**.....वादिनी**

**बनाम**

1. श्रीमती रामेश्वरी
2. श्रीमती कमला
3. श्रीमती भागेश्वरी

सभी पुत्रियां स्व. श्रीमती शीलादेवी सभी निवासीगण-गोपालगढ,सूरजपुर गेट, भरतपुर(राजस्थान)।

**.....प्रतिवादीगण**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत मूलवाद सं. 437/1993 हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि जो आप व तारीख 17.4.2025 वक्त 10.00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकद्मा से वाकिफकिया गया हो और कुल मुकदमा का जबाव दे सकें या उसके साथ में कोई और सख्श हो जो कि ऐसे मामलो की जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदही दावा की करें ओर आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करें जिन पर जबान देही के इस्तदलाल पेश करना चाहतो हो-आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हाजिर नहो सकें तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में कैसिंल होगी।

व सिब्त मेरे और मुहर अदालत में आज व तारीख 07 माह.04 सन 2025 ई. जारी किया गया है।

**जज**

**न्यायालय अपर सिविल जज**

**(प्रवर खण्ड) कक्ष सं. 3 आगरा**

# सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में ग्रामीण विकास की बैठक संपन्न

## अधिकारी सीएम हेल्पलाइन को प्राथमिकता दें

**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाली योजना का लाभ अंतिम छोर तक व्यक्ति को सुगमता से मिले। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने ग्रामीण विकास विभाग में चल रहे विकास कार्यो के संबंध में विस्तार से अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि विकास तेजी से हो एवं सीएम हेल्पलाइन का निराकरण समयसीमा में हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड पर भ्रमण करें, किसी प्रकार कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो मेरे संज्ञान में लाना सुनिश्चित करें। जिला सीईओ ने कहा कि इस समय गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है, आगजनी न हो, इसके लिये मैदानी कर्मचारी सतत् नजर बनाये रखें। कहीं से भी सूचना मिले, तो तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ट्रेक्टर में आग बुझाने वाले यंत्र पिछली बार तैयार किये गये थे, उन्हें दुरुस्त कर लिया जाये ताकि पंचायत स्तर पर तत्काल कोई घटना होने आग बुझाने का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। जिला सीईओ ने कहा कि प्रदेश सरकार सीएम हेल्पलाइन पर विशेष जोर दे रही है। सीएम हेल्पलाइन में सभी जिले तेजी से उनका निराकरण कर रहें है। मुरैना जिले में सभी जिला अधिकारी, जनपद, नगरीय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन में कमी आनी चाहिये। यह तभी संभव होगा जब त्वरित निराकरण किया जाएगा।बैठक में संबंधित जिला अधिकारी, आरईओ, जनपद सीईओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# बरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**झुण्डपुरा।** क्षेत्र के युवा नेता कुंअर पुष्पराज सिंह सिकरवार के दादाजी क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह सिकरवार संरपच साहब का पिछले दिनों निधन हो गया। सिकरवार जी के सम्मान में श्रद्धाजली सभा रखी गई जिसमें पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नेता ,पत्रकार, समाजसेवी, शिक्षकों , डाक्टर,व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों सहित आमजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रीतमसिंह सिकरवार साहब जरुरतमंद लोगों की हर संभव हर समय मदद करने के लिए तत्पर रहते थे।वे अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे वे दो दशक तक वर्रेण्ड पंचायत में संरपच रहे।उनकी श्रद्दांजलि सभा में जनप्रतिनिधि, नेता, पत्रकार, शिक्षक,व्यापारी सहित स्थानीय लोग सम्मिलित हुए तथा उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है।उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि वे एक संरपच साहब अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे ऐसी शख्सीयत सदियों में एक बार ही जन्म लेती है विद्वान होने के साथ क्षेत्र तथा समाजसेवा में भी सराहनीय योगदान दिया था वे आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन विचारों के रूप में वे सदैव हमारे साथ रहेंगे हम सब उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं तथा उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते है।

# विजयपुर में गुमठियों में आग लगी

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** विजयपुर नगर में किले बाले हनुमान मंदिर के सामने कचरे मैं आग लगने से दो तीन गुमटीयो मैं रखा सामान हुआ खाक, सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची तथा एसडीएम अभिषेक मिश्र भी मौके पर पहुंचे।आग लगने की मुख्य वजह सफाई कर्मचारी है जो मैन रोड ब गलियों में चौडी जगह पर झाड़ू लगाकर कचरे को गुमटीयो के नीचे कर देते हैं।इससे अनेकौ बार बस स्टैंड ब तहसील रोड़ पर ब अस्पताल रोड़ पर भी आग लग चुकी है।

# वैदिक किड्स स्कूल के बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

## मंच पर छाए रहे टीवी कलाकार कल्लू कबाड़ी

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** शहर के ख्यातिप्राप्त निजी विद्यालय वैदिक किड्स स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को नगरपालिकाअध्यक्ष श्री सोनेराम धाकड़ के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य समारोह में टीवी कलाकार हेमन्त गौड़ उर्फ कल्लू कबाड़ी अपनी परम्परागत भूमिका अदा कर मंच संचालन करते हुए छाए रहे।आपको बता दें कि कल्लू कबाड़ी सबलगढ़ के ग्राम पिपरघान के मूलनिवासी होकर अनेक टीबी शो में बतौर अभिनेता भूमिका करते हुए देश मे सबलगढ़ का नाम रोशन कर रहे है।इसके बावजूद हेमंत कहते हैं कि अपनी जन्मभूमि में मंच पर आकर अपनों का जो स्नेह मिलता है वह टीवी शो के दर्शकों की प्रशंसा से कही ज्यादा है।उन्होंने कहाकि स्कूल का मंच बच्चों को प्रस्तुति देने का प्रथम मंच होता है।ऐसे आयोजनों से बच्चों को प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सोनू फौजी व बीईओ पी एल शर्मा विशिष्टअतिथि थे।सभी अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक ब्रजेश गर्ग व प्राचार्य श्रीमती सोनल गर्ग ने किया।मंच पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया।मुख्यअतिथि नगरपालिकाअध्यक्ष श्री धाकड़ ने अपने उदबोधन में विद्यालय की प्रशंसा की।

# घायल नीलगाय को उपचार के लिए पशु अस्पताल भेजा

**मुरैना,कांस।** गत दिवस सुबह एक नीलगाय घायल अवस्था में पडी थी, जिसकी सूचना मिलने पर गौसेवको ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पशु चिकित्सालय उपचार के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि किसी ने नील गाय का पैर तोड दिया था जिसके कारण नील गाय चलने में असमर्थ थी और सडक किनारे पडी थी। गौसेव रूद्रप्रताप सिंह को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होने इसकी सूचना वन विभाग एवं पशु चिकित्सालय को दी लेकिन काफी देर बाद उसे पशु चिकित्सालय में उपचार के बाद गौसेवा धाम ले जाया गया है।

# गंजरामपुर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**मुरैना ब्यूरो।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में सांतवे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। इसके तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना व सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव के नेतृत्व में डीपीएम श्री दिनेश तोमर की उपस्थिति में गंजरामपुर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें सभी को पोषण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। गर्भवती दीदियों को सुनहरे 1000 दिन के महत्व के बारे में बताया गया, गर्भ का पता चलते ही सबसे पहले स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर पंजीयन करवाना है एवं आंगनबाड़ी दीदी एवं आशा दीदी द्वारा बताए गए नियमों का पालन करना है। समय-समय पर जांच अनिवार्य रूप से कराना है, गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण आहार एवं आयरन कैल्शियम की गोली का सेवन करना है, हर घर में पोषण वाटिका स्थापित करना है। जिसमें घर पर ही ताजी हरी सब्जियां मिल सके। हमें अपने खाने में हरी सब्जी, सलाद, दूध आदि खाने चाहिए, जिससे कि गर्भ में पल रहा बच्चा स्वस्थ हो सके माता में एनीमिया न हो पाए। जन्म के 6 माह तक बच्चे को केवल मां का दूध ही देना चाहिए। पानी, शहद या अन्य चीज नहीं देनी चाहिए।

# एस डी एम सबलगढ़ ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली

**सबलगढ़।** सबलगढ़ एस डी एम अरविंद माहोर की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था के संबंध में प्रशासन और पुलिस के समन्वय हेतु एक बैठक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ आयोजित की गई जिसमें कानून व्यवस्था . ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कार्यवाही शहरी ट्रैफिक व्यवस्था।. अस्थाई / स्थाई अतिक्रमण। मैरिज गार्डन संचालन।. पेयजल/सडक/रास्ता/नाली निकास । आगामी त्यौहार / सामाजिक / राजनैतिक कार्यक्रम। अन्य (अवैध प्लॉटिंग / अवैध खनन आदि) विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश एस डी एम अरविंद माहोर ने संबंधित अधिकारियों को दिए बैठक में सबलगढ़ कैलारस रामपुर झुंडपुरा के सभी विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# अलग-अलग सडक हादसो में दो की मौत, एक गंभीर

**मुरैना ब्यूरो।** जिले के बागचीनी एवं दिमनी थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग सडक हादसो में एक महिला सहित दो की मौत हो गई वही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के तालपुरा में निवास करने वाले दीपक पुत्र गणेशराम कुशवाह उम्र 28 साल अपने घर जा रहा था कि उसी समय मैसी ट्रेक्टर क्रमांक एमपी06 जेडई 8843 के चालक ने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से धायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम डाब का पुरा में निवास करने वाली रामवती पत्नी छोटे केवट हरदेवी पत्नी मानसिंह केवट के साथ सडक किनारे जा रही थी कि उसी समय मैसी ट्रेक्टर के चालक राकेश परमार ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे रामवती की मौके पर ही मौत हो गई वही हरदेवी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संबंधित थाना पुलिस ने पीडितो की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालको के खिलाफ बीएनएस की धारा 1061 के तहत प्रकरण पंजीब0 किया गया है।

# अंकित का इलेक्ट्रीकल इंजीनियर बनने का सपना हो रहा साकार

**मुरैना,कांस।** अंबाह विकासखंड के ग्राम छिछावली निवासी अंकित पुत्र देवसिंह का डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजना से इंजीनियर बनने का सपना साकार होता नजर आ रहा है। यह सब पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में चल रही प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से साकार हुआ है। ग्राम छिछावली निवासी अंकित बताते हैं कि पारिवारिक स्थिति ठीक नहीं थी। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मन में तरह-तरह के ख्याल आ रहे थे कि पैसे के अभाव में पढ़ाई आगे कैसे जारी हो पायेगी, क्योंकि पिताजी टेलर मास्टर का कार्य करते हैं, जिसमें उनकी ज्यादा आमदनी नहीं है, कि वे आगे मेरी पढ़ाई का बोझ उठा सकें। इसके अलावा अन्य दो भाई भी थे, उनकी भी पढ़ाई-लिखाई का सारा खर्च पिताजी के कंधों पर था। मैं रात-दिन यही सोचता था कि कक्षा 10वीं में अच्छे अंक से उत्तीर्ण तो हुआ परंतु पैसों के अभाव में अब आगे पढ़ना मेरे लिये मुसीबत बन गया है। एक दिन मेरे दोस्त के भाई ने बताया कि पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजना के तहत आवेदन लिये जा रहे हैं, जिसमें रहना, खाना, किताब, कॉपियां निशुल्क तथा 1 हजार रूपये जेब खर्च के लिये मिलते हैं। यह सब सुनकर मैंने तत्काल आवेदन पोर्टल पर अपलोड कर दिया और मेरा दाखिला हो गया। मैं इस समय इलेक्ट्रीकल का प्रथम वर्ष का छात्र हूं। मेरा इलेक्ट्रीकल इंजीनियर बनने का सपना साकार हुआ है। यह सब डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजना का प्रतिफल है। मैं प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हम जैसे गरीब लोगों के लिये इस प्रकार की योजना चलाई।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कला के संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा

## मांडू में आजीविका मिशन के प्रशिक्षण का किया अवलोकन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मांडू प्रवास के दौरान दीनदयाल अंत्योदय योजना शहरी आजीविका मिशन के तहत स्थानीय महिलाओं को दिए जा रहे बाग प्रिंट प्रशिक्षण को देखा। उन्होंने कला के संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समस्त महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माण्डू के प्रसिद्ध चतुर्भुज श्रीराम मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीराम की प्रतिमा के भी दर्शन किए। उन्होंने मंदिर के महाराज एवं अन्य संतों से भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

**मांडू के चतुर्भुज श्रीराम मंदिर में किये दर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस मंदिर में दर्शन का अवसर मिला। यहां भगवान श्रीराम की अद्भुत, अद्वितीय और ऐतिहासिक मूर्ति है। भगवान श्रीराम चतुर्भुज रूप में है। इसमें श्रीराम के साथ विष्णु भगवान की झलक भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश विरासत से विकास की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में पर्यटन केन्द्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मांडू पहुँचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, पूर्व मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, विधायक श्री कालूसिंह ठाकुर, विधायक श्रीमती नीना वर्मा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मांडू की पहचान प्रसिद्ध ऐतिहासिक खुरासानी इमली भेंट की गई।

# महिला फांसी पर झूली

**मुरैना,कांस।** जिले के चित्रौनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने फांसी का फन्दा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम झुण्डपुरा में निवास करने वाली महिला श्रीमती निरमा पत्नी सोनू योगी उम्र 26 साल ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर के कमरे में फांसी का फन्दा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने मृतिका का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बैठक आयोजित

**झुण्डपुरा।** नदी तालाब जैसे जलाशयों की सफाई व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 30 मई तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अन्तर्गत जन अभियान परिषद की नवांकुर ग्राम प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा और महिला बाल विकास परियोजना सबलगढ़ सेक्टर झुण्डपुरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका के सहयोग से बैठक आयोजित कर जल संरक्षण के अन्तर्गत जागरुकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झुण्डपुरा में झुण्डपुरा सेक्टर प्रभारी धर्मेन्द्र राठौर द्वारा जल संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बताया हमें जन-जागरूकता लाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों इस अभियान से जुड़े, श्रमदान कर जल स्त्रोतों के आसपास सफाई अभियान चलाकर अभियान को सफल बनाना है इस अवसर पर जल संरक्षण और साफ़ सफाई की शपथ दिलाई गई। ज्योति शर्मा ने कहा कि जल ही जीवन है हमें जल संसाधन का संरक्षण करने की आवश्यकता है साथ ही इसके लिए सभी में जागरूकता के लिए अभियान चलाकर जन सहयोग से जलाशयों के आसपास सफाई अभियान चलाया जाएगा।इस अवसर पर राजकुमारी जगा ज्योति शर्मा गोपाली मीणा रुबी वर्मा ममता जाटव माया कुशवाहा जानवी शर्मा नगर के ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

# झुण्डपुरा में विशाल दंगल का आयोजन कल

**झुण्डपुरा।** कस्बे में पहलवानों का महाकुंभ कल शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे में दंगल की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कस्बे के समस्त दंगल प्रेमी युवा तथा पहलवानों ने हिस्सा लिया जिसमें कल होने वाले दंगल की रुपरेखा तैयार की गई पहलवान लवकुश शर्मा ने बताया कि नगर में श्री श्री 1008 रामकिशन जी महाराज की कृपा से शुक्रवार दोपहर से पहलवानों का महाकुंभ लगेगा जिसमें जंगी मुकाबले होंगे दंगल हीरापुर रोड़ पर देवीदास के तिराहे पर आयोजित किया जाएगा दंगल आयोजन में शामिल होने वाले पहलवानों के लिए उचित व्यवस्था की गई है ज्ञातव्य हो कि झुण्डपुरा क्षेत्र में युवाओं में पहलवानी का हमेशा से ही विशेष शौक़ है कुछ समय से दंगल नहीं हो पा रहा था अब युवा पहलवानों ने इसकी शुरुआत की है।

# नौ संकल्प नई ऊर्जा का बनेंगे स्त्रोत : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नौ संकल्पों से निश्चित ही नई ऊर्जा के स्त्रोत बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से नौ संकल्पों के पालन का आहवान किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस पर समारोह का शुभारंभ करते हुए नवकार मंत्र के महत्व को रेखांकित किया और मंत्र को एकीकृत ऊर्जा का प्रवाह बताया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नवकार महामंत्र नई पीढ़ी के लिए ज्ञान और दिशा के स्त्रोत के रूप में कार्य कर सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सामूहिक नवकार मंत्र के जाप के बाद सभी से नौ संकल्प लेने का आग्रह किया।

**ये है नौ संकल्प**

पहला संकल्प - जल संरक्षण, दूसरा संकल्प - एक पेड़ मां के नाम, तीसरा संकल्प - स्वच्छता का मिशन, चौथा संकल्प - वोकल फॉर लोकल, पांचवाँ संकल्प - देश दर्शन, छठा संकल्प - नैचुरल फार्मिंग को अपनाना, सातवाँ संकल्प - हेल्दी लाइफ स्टाइल को अपनाना, आठवाँ संकल्प - योग और खेल को जीवन में लाना और नौवाँ संकल्प - गरीबों की सहायता का संकल्प है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**खण्ड श्योपुर (म0प्र0)**

दूरभाष कमांक 07530–222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई–निविदायें On-linc आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम– कार्य का नाम– श्योपुर जिले के विकासखण्ड श्योपुर के विभिन्न ग्रामों के हैण्डपंपों की गिरी फसी लाईन निकालना/डालना, लेवर, लोडिंग वाहन सहित आदि सम्पूर्ण कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | विकास खण्ड | कार्य की की संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 03/2025–26 दि. 4.04.2025 | 2025_PHED_414687_1 | श्योपुर | 40 | 3.41 | 6820 | 2000 | 06 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक– 05.04.2025 समय 10.00 बजे से
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक– 11.04.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक– 15.04.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट– यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-11319/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0)

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का हुआ उदय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार हैद्य मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50त्न आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज जनजातीय वर्ग की महिला देश की राष्ट्रपति हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हजारों सालों से देवियों की पूजा होती रही है। नवरात्रि में 9 दिन देवी की आराधना की जाती है। दुनिया में भारत ही एकमात्र देश है, जो राष्ट्र को माता मानता है। राज्य सरकार हर माह लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए डालकर रक्षाबंधन मना रही है। सभी पात्र लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की राशि मिलती रहेगी। अगर बहनों के हाथों में पैसे आएंगे तो परिवार में कुछ बचत होगी। सरकार बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह परिवार और समाज को सशक्त बनाने का एक प्रयास है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। प्रदेश के हर घर को गोकुल बनाएंगे। राज्य सरकार द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से नई गौपालन योजना बनाई गई है। भविष्य में गौशालाओं के माध्यम से प्रदेश की बहनों के जीवन में भी बड़ा बदलाव आ सकता है। राज्य सरकार उन्हें नए व्यवसाय से जोड़ने के कार्य कर रही है।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी : कंषाना

**मुरैना,कांस।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा सुमावली के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सुमावली विधानसभा कार्यालय व्हाइट हाउस बिस्मिल नगर में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुमावली से विधायक मध्य प्रदेश सरकार में कृषि कल्याण मंत्री ऐदल सिंह कंसानाभारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष श्री केदार सिंह यादव एवं भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता श्री महेश मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया जिसमें प्रथम सत्र में जिला अध्यक्ष के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार पर कार्यकर्ताओं को चर्चा की द्वितीय सत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री केदार सिंह यादव के द्वारा भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन व्याख्यान दिया तृतीय सत्र में श्री महेश मिश्रा के द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा विषय पर व्याख्यान दिया गया अंत में कृषि कल्याण मंत्री श्री ऐदल सिंह कंसाना के द्वारा भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं के बीच में अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन ब्रजकिशोर दंडोतिया के द्वारा किया गया कार्यक्रम का आभार व्यक्त श्री इंद्रजीत सिंह यादव ने किया बैठक में समस्त कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान तक के विस्तार पर अपने विचार साझा किया. मंत्री श्री कंसाना ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार के अंतर्गत समाज के शोषित पीड़ित लोगों को जोड़े जाने के लिए प्रेरित किया.. सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामनरेश शर्मा बालकृष्ण शर्मा सटा. सरदार सिंह गुर्जर विजय जाहर सिंह शर्मा मोहर सिंह कंसाना अशोक शर्मा हड़वासी रामेश्वर सिंह गुर्जर राजेश शर्मा सिकरौदा दिलीप मिश्रा लाखन सिंह यादव छैरा लाखन सिंह यादव बिशगपुरा सूबे सिंह रावत राजपाल यादव मनोज मिश्रा अजीत गुर्जर अमन सिकरवार विनोद जादौन, बच्चू सिंह गुर्जर खसखेड़ा करण सिंह यादव, रमेश उपाध्याय अरविंद कुशवाहा राजकुमार कुशवाहा किशोर शर्मा पुष्पेंद्र पाराशर रिंकु सिकरवार निरंजन दुबे आशीष तोमर पप्पू गुर्जर मेवाड़ा, राजवीर बैंसला, अजय कटारे, मजू पचोरी राधा सिकरवार सपना जाटव सहित पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीश सिंह सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की मार्च माह के साथ ही अप्रैल माह की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। साथ ही निर्देशित किया जिनकी ज्यादा शिकायतें लंबित है उनको नोटिस जारी किया जाए। संबधित अधिकारी एल-1 अधिकारी की शिकायतों का रिव्यू सप्ताह में दो बार करें जिससे सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली समस्याओं का निराकरण संतुष्टि के साथ समय पर किया जा सके। निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने सीवर, साफ सफाई एवं आवारा श्वानों की अधिक शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। आवारा कुत्तों को पकड़ने के अभियान में तेजी लाएं तथा प्रतिदिन कम से कम 25 श्वानों को पकडा जाए और वैक्सीनेशन एवं बंध्याकरण किया जाए। इसके साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों के जवाब समय सीमा में दिए जाएं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के पत्रों को लेकर भी निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के आने वाले पत्रों के जवाब लिखित में संतुष्टि के साथ दिया जाए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान समग्र आईडी की ईकेवायसी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने गर्मी को देखते हुए प्याऊ लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही निर्देशित किया कि जहां भी अवैध धुलाई सेंटर चल रहें है उन्हें तत्काल बंद करायें तथा शहर में आमजन को पानी का अपव्यय न करने के लिए जागरूक भी करें तथा शहर में जो वाटर एटीएम बंद है उसको ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया कि डस्टबिन को शहर के प्रमुख स्थानों पर लगायें तथा उनकी देखरेख भी करें। साथ ही शहर से निकलने वाले गोबर का उचित प्रबंधन किया जाए इसकी रूपरेखा बनाएं। इसके साथ ही अन्य कार्यों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# उचित मूल्य की दुकानों पर शेष पात्र परिवारों की हर हाल में 30 अप्रैल तक कराएं ई-केवायसी : कलेक्टर

## ई-केवायसी न कराने वालों को नहीं मिलेगा राशन, कलेक्टर ने बैठक लेकर अभियान बतौर ई-केवायसी कराने के दिए निर्देश

**ग्वालियर,नसं.।** उचित मूल्य की दुकानों से राशन प्राप्त करने के लिये ई-केवायसी अनिवार्य है, जो पात्रता पर्चीधारी उपभोक्ता 30 अप्रैल तक ई-केवायसी नहीं करायेंगे, उन्हें राशन नहीं मिलेगा। इसलिए राशन लेने आ रहे उपभोक्ताओं को साफतौर पर बता दें कि वे 30 अप्रैल तक अपनी ई-केवायसी अवश्य करा लें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित जिले के सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, खाद्य विभाग के अधिकारी एवं राशन वितरण व्यवस्थास से जुड़े अन्य अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी एसडीएम अधीनस्थ अमले के माध्यम से अभियान बतौर ई-केवायसी का काम कराएं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निर्देश दिए कि ई-केवायसी के लिये उचित मूल्य की दुकानवार दल गठित करें। साथ ही दल को ई-केवायसी करने का प्रशिक्षण भी दिलाएं। उन्होंने कहा शेष हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के साथ-साथ मृत, अपात्र व अस्तित्वहीन हितग्राहियों के विलोपण का काम भी किया जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि उचित मूल्य के दुकानदारों की नियमित बैठक लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता से ई-केवायसी का काम कराएं। साथ ही कहा कि ई-केवायसी के दौरान राशन वितरण का काम प्रभावित नहीं होना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कहा है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की राशन दुकानों का निरीक्षण कर जिन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी नहीं हुई है, उनकी ई-केवायसी कराने का कार्य कराएं। इसके साथ ही ऐसे लोग जिनकी मृत्यु हो गई है अथवा चार माह से नियमित खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर रहे हैं, उनकी सूची तैयार कराने का कार्य

# रेडक्रॉस इकाइयों के निर्वाचन की हो नियमित व्यवस्था : श्री पटेल

## राज्यपाल ने की रेडक्रॉस की समीक्षा

**भोपाल,ब्यूरो।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेश की जिला रेडक्रॉस समितियों के निर्वाचन कार्य की राजभवन में समीक्षा की। उन्होंने जिला इकाइयों जिनका कार्यकाल पूरा हो रहा है अथवा हो गया है। उनके निवार्चन की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए है। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, राज्यपाल के अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, राज्य रेडक्रॉस समिति के जनरल सेक्रेटरी सहित राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस की सभी स्तर की इकाइयों के निर्वाचन की नियमित व्यवस्था हो। निर्वाचन कार्य समय पर हो। इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। प्रदेश की जिला इकाइयों का कार्यकाल अंतिम चरण में है अथवा पूरा हो गया है। उनके निर्वाचन का कैलेंडर जारी किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने रेडक्रॉस से संबंद्ध समितियों के निर्वाचन प्रक्रिया को भी शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों से राजभवन द्वारा रेडक्रॉस इकाइयों को दिए गए अनुदान के उपयोग की समीक्षा करने की अपेक्षा की है। सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को उचित औषधियों की उपलब्धता में बाधा नहीं आए। उन्होंने इस की सतत मॉनिटरिंग के लिए भी निर्देशित किया

## पार्थ योजना 9 स्थानों से होगी शुरू : लगभग 450 बच्चे होंगे लाभान्वित

**भोपाल,ब्यूरो।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने टी.टी. नगर खेल स्टेडियम में एक मई से शुरू होने वाली पार्थ योजना की समीक्षा की। पार्थ योजना पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, मुरैना, शहडोल, सागर, इंदौर और उज्जैन में शुरू की जा रही है। इस योजना के जरिये हर स्थान पर 50-50 बच्चों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जायेगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि योजना शुरू होने से पहले उन स्थानों के कलेक्टर्स के साथ चर्चा की जाये। साथ ही भोपाल से निर्धारित स्थानों पर आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिये अधिकारियों को भेजा जाये, जो स्ट्रक्चर और इन्फ्रा-स्ट्रक्चर का आकलन जिला खेल अधिकारी के साथ मिलकर करें।

# कार्ययोजना के प्रावधानों से जन-जन तक पहुंचेगी परिषद: श्री नागर

**भोपाल,ब्यूरो।** संवाद योजनांतर्गत प्रदेश में स्वैच्छिकता के वातावरण को सुदृढ़ करने एवं विकास कार्यों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उददेश्य से म.प्र. जन अभियान परिषद की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना पर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुधवार को राज्य कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में परिषद की योजनाओं प्रस्फुटन, नवांकुर, संवाद, दृष्टि, समृद्धि, विस्तार योजना के प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा हुई। परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि कार्ययोजना के प्रावधानों से परिषद जन-जन तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रावधानों से भी अधिक आवश्यक है परिषद के मूल स्वैच्छिकता भाव को संपोषित कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में लगाना। उन्होंने जनभागीदारी से जन अभियानों को सफल करने में परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इससे परिषद को प्रतिष्ठा और पहचान दोनों मिल रही है। परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने कहा कि नवांकुर संस्थाओं का चयन स्थानीय स्तर पर होना चाहिए। परिषद को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता संवर्द्धन कर उनका चयन नवांकुर संस्था के रूप में किये जाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। परिषद के उददेश्यों और लक्ष्यों के प्रति समर्पण का आग्रह करते हुए उन्होंने परिषद परिवार से प्रतिबद्धता, निष्ठा और पारदर्शिता से कार्य करने का आग्रह किया।

# डीएम ने टैबलेट-स्मार्टफोन वितरण में लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के दिए निर्देश

## पीएम इंटर्नशिप योजना में बेरोजगार युवाओं का कराया जाए पंजीकरण

**अलीगढ़,ब्यूरो।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण के लंबित प्रकरणों के संबंध में विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने योजना के तहत आधार सत्यापन के लिए लंबित छात्रों को डिजी शक्ति पोर्टल पर आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए थे, परन्तु अभी भी 119 संस्थानों व विद्यालयों द्वारा 8213 छात्र-छात्राओं के आधार प्रमाणीकरण का कार्य पूरा नहीं हुआ है, जिससे जिले को प्राप्त टैबलेट्स व स्मार्ट फोन का वितरण संभव नहीं हो पा रहा है। डीएम ने सभी प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि छात्रों को लाभान्वित करने की इच्छा से कार्य करें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए कहा कि आगामी 10 दिन में लंबित प्रकरणों को निस्तारित करते हुए पात्र छात्र-छात्राओं की सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि छात्र-छात्राओं को टैबलेट्स व स्मार्ट फोन वितरण योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने बैठक के दौरान सभी विद्यालयों में पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 आयु वर्ग वाले कम से कम हाईस्कूल उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को सरकार द्वारा 5000 रूपये की धनराशि प्रतिमाह प्रदान करने के साथ ही शीर्ष कम्पनियों में रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाते हैं। बैठक में एडीएम वित्त मीनू राणा समेत विद्यालयों प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में नियोजित श्रमिकों के कार्य समयावधि प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक की निर्धारित

**धौलपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में नियोजित श्रमिकों के कार्य समयावधि निर्धारण एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में तापमान वृद्धि के दृष्टिगत श्रमिकों के कार्य निर्धारण किया जाता है। प्रभारी अधिकारी सहायता एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने बताया कि नियोजित श्रमिकों के आवश्यकतानुसार विश्राम काल रहित अवधि प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी, बसेड़ी, राजाखेड़ा, सैपऊ एवं सरमथुरा को श्रमिकों के कार्य समय में परिवर्तन तथा लू एवं ताप से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, छाया, महिला श्रमिकों के साथ छोटे बच्चों की देखभाल के लिए नियमानुसार श्रमिक नियोजन तथा प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल किट बॉक्स जिसमें इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं अन्य दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

**जिला कलक्टर ने की पंचायत समिति बसेड़ी में जनसुनवाई**

**परिवादों का यथासंभव समाधान करें सभी अधिकारी-जिला कलक्टर**

धौलपुर, 9 अप्रैल। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के साथ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिले के सभी उपखण्डों पर हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बसेड़ी उपखण्ड के पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने कृष्णा कॉलोनी में सीसी खरंजा निर्माण कराने के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने परिवादी संत सिंह के राशन आवंटन में आ रही समस्या के निस्तारण हेतु जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका क्षेत्र के भवनपुरा में विद्युत पोल एवं तारों को दुरस्त कराए जाने के संबंध में जेवीवीएनएल को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने परिवादी भूरी सिंह के खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान बसेड़ी विधायक संजय कुमार, उपखण्ड अधिकारी सुधारानी मीना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954